देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 252 । भोपाल, मंगलवार 12 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

डेढ़ लाख की स्मैक के साथ कुख्यात तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा — पृष्ठ 2

- उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत
- अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त — पृष्ठ 4

- जिला बनाओ आंदोलन बना जनआंदोलन, बंद रहा मुलताई — पृष्ठ 6

वन्यप्राणी सुरक्षा में जान गंवाने वालों को मिलेंगे 25 लाख — पृष्ठ 8

सार-समाचार

प्रियंका गांधी 5 अक्टूबर को मोहनखेड़ा आएंगी

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस की चुनावी तैयारियां जोर पकड़ रही हैं। पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 5 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के दौरे पर आ रही हैं। वह प्रदेश के धार जिले के मोहनखेड़ा में कांग्रेस की एक जनसभा को संबोधित करेंगी। हाल ही में श्रीमती वाड्रा का प्रदेश में यह तीसरा दौरा है। इसके पहले प्रियंका गांधी प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर और ग्वालियर का दौरा कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने बड़ी जनसभाओं को सम्बोधित किया था।

राजमुंदरी केंद्रीय कारागार भेजे गए चंद्रबाबू नायडू

विजयवाड़ा, एजेंसी। तेलुगू देशम पार्टी के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को सोमवार तड़के राजमुंदरी केंद्रीय कारागार जेल में भेज दिया गया। जेल अधिकारियों ने श्री नायडू को कैदी नंबर '7691' बनाया है। श्री नायडू को जेल के 'स्नेहा' ब्लॉक में रखा गया है। जेल अधिकारियों ने श्री नायडू को कुछ विशेष सुविधाएं प्रदान की हैं। उन्हें जेल में एक निजी सहायक और पांच सुरक्षाकर्मी दिए गए हैं। श्री नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी, पुत्र लोकेश और बहू ब्राह्मणी केंद्रीय जेल में उनसे मिले।

चुनाव आयोग ने की बंगाल में चुनाव तैयारियों की समीक्षा

कोलकाता, एजेंसी। निर्वाचन आयोग के दो वरिष्ठ उपचुनाव आयुक्तों धर्मेंद्र शर्मा और नितेश कुमार व्यास ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आरिज आफताब के साथ मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण और राज्य में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव तैयारियों पर समीक्षा बैठक की। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की मांगों के साथ-साथ इस्तेमाल की गई ईवीएम की स्थिति भी जानने का प्रयास किया गया।

डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए जावेद अख्तर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। लंदन में हुए इस समारोह में जावेद अख्तर के साथ उनकी पत्नी शबाना आजमी और पुत्र फरहान अख्तर भी मौजूद रहे। जावेद अख्तर ने इस सम्मान का आभार जताते हुए कहा कि जब भी ऐसा कोई पुरस्कार दिया जाता है तो यह नहीं भूलना चाहिए कि सम्मान कला का किया जा रहा है, कलाकार का नहीं।

बिजली गिरने से 150 भेड़ों की मौत

उन्नाव, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बारिश और बिजली गिरने की घटनाओं से जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है। हसनगंज तहसील क्षेत्र में रविवार देर रात बिजली गिरने से 150 भेड़ों के मारे जाने की सूचना है वहीं बीघापुर तहसील क्षेत्र के एक अति प्राचीन मंदिर के आंशिक क्षतिग्रत होने की बात प्रकाश में आई है। एसडीएम हसनगंज नवीन चंद्र के अनुसार हसनगंज तहसील के मुडैरा गांव में बिजली गिरने से लगभग 140 भेड़ों की मौत हुई है। बिजली गिरने से भेड़ पालक के लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

नशीले पदार्थों की तस्करी मामले में 3 गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना में हैदराबाद शहर पुलिस ने दो नशीले पदार्थ तस्करों और एक उपभोक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को इंदिरा रेड्डी नगर में आउटर रिंग रोड (ओआरआर) सर्विस रोड पर अभियान छेड़ा था। इसी दौरान हैदराबाद से नशीला पदार्थ ले जा रहे लोगों को रोका गया। उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। उनके वाहनों की तलाशी में करीब 51.45 ग्राम कोकीन क्यूब्स, 44 एमडीएमए एक्स्टसी गोलियां, आठ ग्राम एमडीएमए क्रिस्टल, 97,500 की नकदी, पांच मोबाइल फोन और कई अन्य सामान जब्त किए। इन नशीले पदार्थों को गोवा में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था।

खाटू श्यामजी के दर्शन कर लौट रहा था परिवार

सड़क हादसे में 6 की मौत

भरतपुर, एजेंसी। राजस्थान के भरतपुर में एक भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा एक कार के स्लीपर कोच बस से टकराने पर हुआ। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक लोग लोढ़ा परिवार के सदस्य थे। हादसे में तीन बच्चे भी घायल हुए हैं। हादसे का शिकार परिवार धौलपुर निवासी था। पूरा परिवार खाटू श्याम के दर्शन करने के बाद वापस लौट रहा था। इस बीच देर रात करीब 1 बजे उनकी कार की बस से जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दो सांड भी चपेट में आ गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों अस्पताल में पहुंचाया।

धौलपुर निवासी हरेंद्र लोढ़ा और सन्तोष लोढ़ा अपने बच्चों और पत्नियों के साथ एक ही कार में सवार थे। दोनों खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान वे कार से भरतपुर से होते हुए धौलपुर लौट रहे थे। इस बीच देर रात 1 बजे यह भीषण हादसा घटित हुआ। इस दौरान उनकी कार खानसूरजपुर के समीप दो सांडों से टकरा गई। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सामने आ रही स्लीपर कोच बस से टकरा गई। इस भीषण हादसे में दो जनों की मौके पर मौत हो गई। जबकि आठ जने गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में अन्य घायलों में से भी 4 जनों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

2 बच्चों की मौत, 3 घायल

इस भीषण हादसे में हरेंद्र लोढ़ा, उनकी पत्नी ममता, बेटी जानवी की मौत हो गई। इसी तरह संतोष लोढ़ा, उनकी पत्नी सुधा और बेटे अनुज की मौत हो गई। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हुई हैं। जबकि तीन अन्य बच्चे हादसे में घायल हुए। इनका उपचार किया जा रहा है। उधर, पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया हैं।

मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

प्रधानमंत्री 14 को बीना आएंगे

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 सितम्बर के मध्यप्रदेश दौरे के लिए जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों के लिए सुविधाजनक बैठक व्यवस्था सहित पेयजल और अन्य जरूरी प्रबंध किए जाएं। बीना नगर सहित कार्यक्रम स्थल परिसर में स्वच्छता एवं आवश्यक सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का सागर जिले के बीना में रिफायनरी के पेट्रो केमिकल्स कॉम्प्लेक्स के प्रकल्प के भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मध्यप्रदेश के लिए यह दिन निवेश की दृष्टि से अहम होगा। बीना में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश आ रहा है। इनमें सिर्फ बीना रिफायनरी में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी एक स्थान पर इतना बड़ा निवेश पहले नहीं आया है। करीब 3 लाख व्यक्तियों के लिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में सहकारिता मंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के अलावा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव भी बैठक से वर्चुअल रूप से जुड़े।

अतिथि विद्वानों और व्याख्याताओं की पंचायत में मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

अतिथि विद्वान का मासिक वेतन 50 हजार तक होगा

- किसी भी विद्वान और व्याख्याता को नहीं हटाया जाएगा
- अतिथि विद्वान व्याख्याताओं के लिए पीएससी में 25 प्रतिशत पद आरक्षित

भोपाल, देशबन्धु। सभी शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वान को कार्य दिवस की बजाय मासिक वेतन दिया जाएगा और वह 50 हजार रुपए तक होगा। तकनीकी शिक्षा के अतिथि विद्वान इसमें शामिल होंगे। अतिथि विद्वानों को शासकीय सेवकों के समान अवकाश की सुविधा मिलेगी। अतिथि प्रवक्ताओं का मानदेय भी 20 हजार रुपये किया जाएगा

एक अकादमिक सत्र में अपने महाविद्यालय के स्थान पर अतिथि विद्वानों को उनके आसपास के महाविद्यालय, जहां वे चाहेंगे, में स्थानांतरण की सुविधा भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं की पंचायत को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं की। उन्होने कहा कि अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं के जीवन की अनिश्चितता को समाप्त करने के लिए राज्य शासन ने ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। श्री चौहान ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि फॉलेन आउट की नौबत न आए। अतिथि विद्वान व्याख्याताओं के लिए पीएससी की परीक्षा में संशोधित कर 25 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए जाएंगे। अभी अतिथि विद्वानों को प्रतिवर्ष 4 और अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। इसको बढ़ाकर अधिकतम 10 प्रतिशत तक अंक दिए जाएं। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

श्री चौहान ने कहा कि अब कोई भी अतिथि विद्वान, व्याख्याता जो लगातार पढ़ाने का कार्य कर रहा है उसको बाहर नहीं किया जाएगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग महाविद्यालय के अतिथि शिक्षक और व्याख्याता भी पात्र होंगे। निरंतर पढ़ाने का कार्य कर रहे किसी अतिथि विद्वान और व्याख्याता को बाहर नहीं किया जाएगा। विभिन्न वर्गों और अलग-अलग श्रेणियों के अधिकारियों- कर्मचारियों के कल्याण के लिए समय समय पर विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। अतिथि विद्वान और अतिथि व्याख्याता भी इसके पात्र हैं। उन्हें विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिथि विद्वान और अतिथि व्याख्याता हमारे परिवार के अभिन्न अंग हैं। राज्य शासन अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं को विभिन्न सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। अतिथि विद्वान और अतिथि व्याख्याता बेहतर शिक्षा देने में जुट जाएं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा, सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष शिव कुमार चौबे और मध्यप्रदेश ग्रामीण/ शहरी असंगठित कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सुल्तान सिंह शेखावत एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

महाकाल पहुंचे मुख्यमंत्री, सपरिवार की पूजा

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाकालेश्वर मंदिर में प्रदेश में उत्तम वर्षा के लिए विगत दिनों की गई प्रार्थना और मनोकामना पूर्ण होने पर आज उज्जैन में सपत्निक भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की। उन्होंने संपूर्ण प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली की। पूजन में पुत्र कुणाल सिंह चौहान भी शामिल हुए। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक पारस जैन, बहादुर सिंह चौहान, महापौर मुकेश टटवाल, सभापति श्रीमती कलावती यादव उपस्थित थे।

सिवनी को मिला एफएम रेडियो स्टेशन

सिवनी, देशबन्धु। क्षेत्रीय लोगों के लिए सौ वॉट क्षमता के एफएम रेडियो स्टेशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। इस बात की जानकारी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सिवनी में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने क्षेत्रीय सांसद की मांग को स्वीकार करते हुए यह सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ब्रॉडगेज रेललाइन की शुरुआत श्री मोदी के सपने के चलते हुई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप देश में 40 हजार किलोमीटर रेललाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने 3 करोड़ आवास बनाकर आमजन को दिए हैं, इसमें सबसे ज्यादा आवास मध्यप्रदेश में मिले हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक जल पहुंच रहा है। मध्यप्रदेश में भी इसमें वृद्धि की गई है।

श्री ठाकुर ने जी-20 समिट का जिक्र करते हुए इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी-20 समिट के सफल आयोजन में सारी दुनिया ने नए भारत की बुलंद तस्वीर को देखा है और नया भारत नई ऊंचाइयों की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सारी दुनिया भारत को उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया अहम निर्णय

महिलाओं से छेड़छाड करने वालों को सरकारी नौकरी नहीं

रायपुर देशबन्धु। छत्तीसगढ़ में बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़,दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी इस घोषणा के परिपेक्ष्य में यह आदेश जारी किया गया है। सामान्य प्रशासन द्वारा सभी विभागों, राजस्व मण्डल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हों, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाय।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला

बाबुओं पर दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षण नहीं

- संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों पर मामला चल सकेगा
- अनुमति की भी जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। अब संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा। जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने अपने 2014 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब दिल्ली स्पेशल पुलिस स्टेबलिशमेंट एक्ट 1946 के प्रावधान को रद्द कर दिया था। यह प्रावधान कुछ अफसरों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से सुरक्षा (इम्यूनिटी) प्रदान करता है। अब आदेश पूर्व प्रभाव से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2014 का फैसला 11 सितंबर 2003 से ही मान्य होगा। 11 सितंबर 2003 से ही डीपीएसई एक्ट में धारा 6(ए) जोड़ी गई थी। इस धारा के मुताबिक, किसी जांच के लिए केंद्र सरकार के अप्रूवल की जरूरत होगी। अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच को तय करना था कि क्या किसी संयुक्त सचिव लेवल के सरकारी अधिकारी को कानून के किसी प्रावधान के तहत गिरफ्तारी से मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, अगर उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे चलकर उस कानून को ही रद्द कर दिया गया हो। कोर्ट को तय करना था कि क्या दिल्ली पुलिस स्पेशल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 6(1) के तहत संयुक्त सचिव लेवल के अधिकारी को मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, जिसकी गिरफ्तारी इस धारा के रद्द होने से पहले की है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जो अधिकारी सेक्शन के रद्द होने से पहले गिरफ्तार किए गए थे, उनके खिलाफ केस चल सकता है।

आवारा कुत्तों का वकील पर हमला, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सोमवार को आवारा कुत्तों के एक वकील और उससे पहले अन्य लोगों पर हुए हमले से संबंधित मामला उठा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिंह एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील कुणाल चटर्जी समेत पहले के कुछ अन्य मामलों पर भी चिंता व्यक्त की। शीर्ष अदालत के समक्ष यह मामला तब उठा जब मुख्य न्यायाधीश की नजर श्री चटर्जी के एक हाथ पर बंधी पट्टी लगी पड़ी। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने श्री चटर्जी की ओर देखते हुए पूछा क्या हुआ? श्री चटर्जी ने जवाब दिया, पांच कुत्तों ने (मेरे उपर) हमला बोला दिया था।

मणिपुर हिंसा पर रिपोर्ट प्रकाशित करने का मामला

एडिटर्स गिल्स के सदस्यों को 15 सितंबर तक राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के चार सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों संबंधित एक रिपोर्ट प्रकाशित करने के बाद उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर छह सितंबर को लगाई गई रोक की अवधि सोमवार को अगली सुनवाई 15 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ईजीआई सदस्यों को राहत तो दी, लेकिन साथ ही स्पष्ट किया कि वह इस मामले में दर्ज प्राथमिकियों को रद्द करने के पक्ष में नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस विचार कर रही है कि इस मामले को सुनवाई के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय या मणिपुर उच्च न्यायालय को भेजा जाना चाहिए। ईजीआई ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था। यह रिपोर्ट दो सितंबर को प्रकाशित की गई थी।

सार समाचार

जेसीआई गुना शक्ति का सेवा सप्ताह के दूसरे दिन लगा नेत्र शिविर

गुना देशबन्धु। जेसीआई गुना शक्ति द्वारा सेवा सप्ताह के दूसरे मरीजों की आंखों का चेकअप कराया गया। संस्था अध्यक्ष श्वेता बिंदल ने बताया कि उनका जेसीआई सेवा सप्ताह एक राष्ट्रीय त्यौहार है, वह हर साल सेवा भाव से यह सप्ताह मानते हैं। इस मौके पर नेत्र परीक्षण शिविर स्टार हॉस्पिटल में लगाया गया। जिसमें डॉ. अभिलाष राजपूत अनेक मरीजों की आंखों का चेकअप किया। जिसमें फाउंडर प्रेसिडेंट मीना मित्तल, पूर्व अध्यक्ष हेमा अग्रवाल, अध्यक्ष श्वेता बिंदल, सचिव मनीषा बिंदल, कोषाध्यक्ष स्वाति जैन आदि उपस्थित रही। शिविर संयोजक प्रतिमा राजपूत, नंदिनी अग्रवाल की देखरेख में शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। जेसीआई शक्ति गुना का यह सेवा सप्ताह 17 सितंबर तक जारी रहेगा। इस दौरान दिन में अनेक सेवा भाव के कार्य किए जाएंगे।

जेसीआई गुना पायोनियर ने लगाया गुना सिटी साइन बोर्ड

गुना देशबन्धु। जेसीआई सप्ताह 2023 के अंतर्गत तीसरे दिन में जेसीआई गुना पायोनियर पायनियर ने इंदौर बायपास पुराने टोल नाके के पास गुना सिटी साइन बोर्ड लगाया है। जिससे बाहर से आने वाले व्यक्ति जो गुना सिटी के रास्ते से आगे निकल जाते हैं, उन लोगों को गुना सिटी का रास्ता बताने के लिए यह बोर्ड लगाया गया है। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष मयंक अग्रेश, जेसीआई वीक चेयर पर्सन वैभव टांटिया, जेसीआई वीक कोऑर्डिनेटर चित्रांग अग्रवाल, प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनुपम तिवारी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पवन गुप्ता, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, सौरभ जैन, विकास सोनी, जितेश जैन के साथ संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने नियुक्त किए चारों विधानसभाओं में प्रभारी

गुना देशबन्धु। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं कांग्रेस हर विधानसभा को अपनी मजबूती के लिए प्रभारी नियुक्त कर रही है। इसी क्रम में कांग्रेस ने चारों विधानसभा में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। हाल ही में पूर्व महिला जिलाध्यक्ष रूपकिरण कौर को गुना का विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा राघौगढ़ से राजकुमारी गुर्जर, चांचौड़ा से अर्चना बल्लू चौहान एवं नीलू दुबे जबकि बमोरी से गगनदीप कौर को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इन सभी प्रभारियों की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने इन्हें बधाई दी है।

नोट= समाचार के साथ फोटो केप्शन
11- रूपकिरण कौर को दी बधाई

ब्राह्मण समाज की बैठक आज

गुना देशबन्धु। संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा मप्र इकाई गुना की सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन 12 सितंबर को दोपहर 3 बजे से शारदा भवन कैंट पर आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश संयोजक राधेश्याम शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में आगामी ब्राह्मण समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन के बारे में तिथि निर्णय तथा समाज की जिला स्तर की कार्यकारिणी का विस्तार करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न तहसीलों में संगठन की इकाइयों का विस्तार करने, सदस्यता अभियान पर भी चर्चा होगी। ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन नवंबर 2023 में गुना में किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कैंट में नवीन कार्यालय का शुभारंभ भी किया जाएगा।

बेचने और खरीदने वालों पर भी हुआ मामला दर्ज

डेढ़ लाख की स्मैक के साथ कुख्यात तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

गुना देशबन्धु। जिले की मृगवास पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग के दौरान नशा तस्कर को दबोचकर 1.50 लाख कीमत की 15 ग्राम स्मैक सहित बाईक जप्त की है। पुलिस ने नशा तस्कर को स्मैक उपलब्ध कराने वाले सहित स्मैक के खरीदारों पर भी कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी राकेश कुमार सगर के निर्देशानुसार जिले के मृगवास थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाका चैकिंग पोस्ट गौमुख नाके पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान राजस्थान के ग्राम कामखेड़ा तरफ से आई मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08 एमएफ 9040 को रोका और उसके चालक से गाड़ी से संबंधित कागजात मांगे गये तो वह हड़बड़ा सा गया।

इस दौरान वह अपने लोअर की जेब पर हाथ रखकर वहां से दौड़ लगा दी। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उसका पीछा व घेराबंधी कर उसे दबोचा। जिसने पूछताछ में अपना नाम पवन पुत्र रघुवीर सिंह मीना निवासी ग्राम धीस्याखेड़ी थाना मृगवास, जिला गुना का होना बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमती करीबन 1.50 लाख बताई जाती है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे यह स्मैक ग्राम घोरलाखेड़ी निवासी विवेक उर्फ कल्ला मीना द्वारा राजस्थान से उपलब्ध करवाने और उसके द्वारा स्मैक को मृगवास निवासी बसंत उर्फ कल्लू ओझा व अभिषेक शर्मा को बेच देना बताया। जिस पर पुलिस ने आरोपी पवन मीना सहित उसे स्मैक उपलब्ध कराने वाले विवेक उर्फ कल्ला मीना एवं स्मैक के खरीददार बसंत उर्फ कल्लू ओझा एवं अभिषेक शर्मा के विरुद्ध मृगवास थाने में धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी स्मैक तस्करी में कुख्यात तस्कर है। जिसके विरूद्ध चांचौड़ा थाने में एनडीपीएस एक्ट का 01 अपराध एवं थाना मृगवास में एनडीपीएस एक्ट के 2 अपराध पंजीबद्ध हैं। जबकि फरार आरोपी बसंत उर्फ कल्लू ओझा के विरूद्ध मृगवास थाने में एनडीपीएस एक्ट के 02 अपराध पंजीबद्ध होना पाए गए हैं। आरोपी की गिरफ्तारी में टीआई जयवीर सिंह बघेल, बांसाहेड़ा चौकी प्रभारी संजय कुमार लोधी, अनिल कदम, शिवप्रताप सिंह तोमर, अमर सिंह रावत, धीरेन्द्रप्रताप सिंह, महावीर रघुवंशी, अभिषेक वोहरे, जितेन्द्र यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

कालापहाड़ के पास दुर्घटना में आधा दर्जन घायल

तेज रफ्तार बस ने ट्रक में मारी टक्कर

गुना, देशबन्धु। चांचौड़ा थानांतर्गत कालापहाड़ के पास से एक बस चालक ने बस को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर साईड में खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें आधा दर्जन से अधिक सवारियों को चोटें आई है। तेज रफ्तार भाग रहे बस चालक को यात्रियों ने कई बार टोका, लेकिन उसने यात्रियों की एक नहीं सुनी। वहीं घटना को अंजाम देकर बस चालक मौके से फरार हो गया। इस संबंध में यात्रियों की शिकायत पर बस चालक पर मामला दर्ज किय गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी मानसिंह पुत्र रघुवीरसिंह राठौर निवासी चितोरा तहसील व थाना माधौगढ़ जिला जालौन उप्र ने अस्पताल बीनागंज में उपचार के दौरान बताया कि गत सुबह वह बस क्रमांक. यूपी78एफटी 4509 में अपने साथी राजेन्द्र वर्मा सूरत के साथ बैठा था। बस में क्षमता से अधिक माल बस के अन्दर व ऊपर लदा था। बस का चालक बस को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाता हुआ ला रहा था। सवारियों ने कई बार चालक को लापरवाही पूर्वक चलाने से मना किया फिर भी बस को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाता ला रहा था। इसी दौरान तडक़े करीब 05.30 बजे जैसे ही बीनागंज निकलकर कालापहाड़ के पास पहुँचे तो आगे चल रहे ट्रक में पीछे से बस ने टक्कर मार दी। जिससे क्लीनर साइड बस डैमेज हो गई। वहीं बस में बैठे सवारियों को चोटे आई हैं। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घटना के बाद मौके से ड्रायवर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर आरोपी ड्रायवर के खिलाफ धारा 279,337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

शिक्षकों को दिया आवश्यक प्रशिक्षण

गुना देशबन्धु। राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर 12 सितंबर को जिलेभर के स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल निश्शुल्क खिलाई जाएगी। वहीं जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें मॉपअप दिवस 15 सितंबर को खिलाई जाएगी। इस संबंध में सोमवार को रेडक्रॉस भवन में शहरभर के शिक्षकों का आवश्यक प्रशिक्षण हुआ।

अपराधियों ने घर में घुसकर की दंपत्ति के साथ मारपीट

पुलिस ने मामूली धाराओं में किया मामला दर्ज, अब धमका रहे आरोपी

गुना, देशबन्धु। शहर के कैंट थानांतर्गत पटेलनगर निवासी एक परिवार आदतन अपराधी पड़ोसी से परेशान हैं। गत दिवस पड़ोसी द्वारा परिवार के दंपत्ति सहित बच्चियों से जमकर मारपीट की। जिसके बाद दंपत्ति का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं आरोपी पर पुलिस ने मामलूी धाराओं में मामला दर्ज किया है, जिसकी गिरफ्तारी भी अभी तक नहीं हो सकी है। जिसके चलते आरोपी खुलेआम पीड़ित परिवार को धमकाते हुए घूम रहा है। सोमवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी की गिरफ्तारी एवं सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी को आवेदन दिया। आवेदन में बताया कि फरियादी दिनेश शर्मा ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले अंकित जाटव एवं निक्की जाटव आदतन अपराधी हैं। गत 31 अगस्त को भुजरिया वाले दिन कचरे के नाम पर उन्होंने घर में घुसकर उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आई है। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी के सिर में भी धारदार हथियार से हमला किया। इसके अलावा बच्चियों के साथ भी मारपीट की।

घटना में घायल दोनों पति-पत्नी को परिचितों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने आरोपियों पर धारा 294, 323, 324, 506 एवं 34 भादवि के तहत मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी भी अभी तक नहीं हो सकी है। ऐसे में वह खुलेआम घूमकर उन्हें धमका रहे हैं। सोमवार को पीड़ित परिवार घायल अवस्था में ही एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आरोपियों की दबंगाई की शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

ब्राह्मण समाज की बैठक आज

गुना देशबन्धु। संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा मप्र इकाई गुना की सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन 12 सितंबर को दोपहर 3 बजे से शारदा भवन कैंट पर आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश संयोजक राधेश्याम शर्मा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

बैठक में आगामी ब्राह्मण समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन के बारे में तिथि निर्णय तथा समाज की जिला स्तर की कार्यकारिणी का विस्तार करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न तहसीलों में संगठन की इकाइयों का विस्तार करने, सदस्यता अभियान पर भी चर्चा होगी। ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन नवंबर 2023 में गुना में किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कैंट में नवीन कार्यालय का शुभारंभ भी किया जाएगा तथा प्रत्येक वार्ड में एक पंजीयन कार्यालय बनाने की कार्य योजना प्रारंभ की जाएगी। महिला संगठनों का एवं युवा प्रकोष्ठ का विस्तार वार्ड स्तर से तहसील स्तर तक किया जाएगा। इसमें प्रत्येक परिवार का सर्वे करने के लिए समितियां का गठन भी किया जाएगा। यह समितियां हर घर जाकर विवाह योग्य युवक युवतियों का पंजीयन करेंगे।

हड़ताली पटवारियों ने लगाया शिविर, लिया नेत्रदान का संकल्प

सौ से ज्यादा पटवारियों ने भरे फॉर्म

गुना, देशबन्धु। पिछले एक पखवाड़े से पटवारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इस दौरान तहसील परिसर में डेरा डाले पटवारी धरना दे रहे हैं। पटवारियों की हड़ताल के 15 दिन बीत चुके हैं। सरकार से अपनी मांगे मनमाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन फिलहाल ऊपर मांगों को लेकर कोई सहमति नहीं बन पाई है। इसी क्रम में सोमवार को पटवारी संघ द्वारा तहसील परिसर में कैंप लगाकर नेत्रदान करने का महासंकल्प लिया। शिविर में पटवारी संघ के दो जोड़े ऐसे सामने आए जो कि पति-पत्नी पटवारी हैं और उन्होंने भी अपनी मृत्यु के बाद अपनी दान करने का संकल्प लिया है। इन दोनों जोड़ों में उमेश श्रीवास्तव एवं संगीता श्रीवास्तव तथा विजय राहुल एवं सविता राहुल शामिल हैं। जो चारों पटवारी हैं। दोनों जोड़ों का पटवारी संघ ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस उन्होंने कहा है कि मानवता के नाते मौत के बाद यह आंखें किसी के काम आ सके, इसके लिए वह नेत्र कर रहे हैं। हड़ताल के लगे नेत्रदान शिविर में करीब एक सैकड़ा पटवारियों ने नेत्रदान का फॉर्म भरा।इधर हड़ताल के चलते तहसील में राजस्व संबंधी कामकाज खासा प्रभावित हो रहा है। जिले में लगभग 350 पटवारी इन दिनों हड़ताल पर चल रहे हैं। जिनसे विभाग के अनेक काम प्रभावित हो रहे हैं और आगे भी किसानों के अनेक प्रकार प्रभावित होंगे।

बेहोशी की हालत में ट्रेन में मिले बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत

गुना देशबन्धु। दमोह-बीना-ग्वालियर ट्रेन में गत दिवस बेहोशी की हालत में मिले बुजुर्ग की गत रात में उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जीआरपी पुलिस को रेलवे स्टेशन प्रबंधन की ओर से सूचना मिली थी कि दमोह-बीना-ग्वालियर पैंसेजर ट्रेन में कोई बेहोशी की हालत में बुजुर्ग सीट पर लेटा है।

समारोह में हुआ पत्रकारों का सम्मान

आष्टा, देशबन्धु। गीतांजलि गार्डन में आज पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिलोरिया द्वारा आष्टा क्षेत्र के पत्रकारों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। गया। समारोह में अतिथियों द्वारा आष्टा नगर एवं क्षेत्र के पत्रकारों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया उपस्थित वक्ताओं ने पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकार नरेंद्र गंगवाल, सुशील संचेती, अब्दुल रऊफ लाला, दिनेश शर्मा,जहूर मंसूरी, श्रीमाल मेवाड़ा, कृष्णा पटेल, राजू गुप्ता, दिनेश शर्मा,नवीन शर्मा, धनंजय जाट, मो.सादिक खान, कैलाश अजनोदिया विक्रम सिंह,नीलेश शर्मा,सोनू श्रीवास्तव, इसराइल मंसूरी,मोहित सोनी,रईस मंसूरी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बल बहादुर सिंह ठाकुर पूर्व जनपद अध्यक्ष कमल सिंह पहलवान डॉ मीना सिंगी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष औकार सिंह ठाकुर डॉक्टर ओपी वर्मा वर्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां देवकरण सेठ शांतिलाल मंडलोई ,सुनील शेट्टी सलीम अंसारी राजाराम कसोतिया धर्मेंद्र ठाकुर उदय सिंह ठाकुर कलीमुद्दीन भाई चंदर सिंह ठाकुर भोलू सिंह ठाकुर विश्राम सिंह ठाकुर ठाकुर प्रसाद वर्मा आत्माराम परमार अलकर मेवाड़ा एन क यादव अकबर खान शेख रईस भैया एमपी संदीप ठाकुर दीपक जैन कंचन मनीष डोंगरे बाबूलाल मालवी पार्षद राकेश जेवरिया मुकेश वर्मा सोहेल मिर्जा लखन खंडारे राहुल जाट राहुल जाट समीर अंसारी राजेंद्र वर्मा आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन इदरीस मंसूरी ने किया आभार सोभाल सिंह ठाकुर और दिनेश सिलोरिया द्वारा व्यक्त किया गया।

सुनील बने भाजपा सोशल मीडिया के संयोजक

गुना देशबन्धु। भाजपा सोशल मीडिया विभाग में चांचौड़ा विधानसभा के संयोजक के पद पर सुनील मीना को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा भाजपा सोशल मीडिया विधानसभा टीम का गठन प्रदेश संयोजक अभिषेक शर्मा, गुना प्रभारी गोपाल आचार्य की अनुशंसा, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र ड्क्षसह सिकरवार की सहमति पर सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक अभिषेक जैन टिंकल ने किया है। जिसमें संयोजक श्री मीना के अलावा सहसंयोजक सुवेश शर्मा को बनाया गया है। जबकि सदस्यों में रामकृष्ण, जुगल यादव, महेन्द्र सौंधिया, लक्ष्मण जादौन, गजराज मेहर आदि शामिल हैं।

मारपीट मामले में स्थाई वारंटी पकड़ा

गुना देशबन्धु। बमौरी पुलिस द्वारा मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बमौरी थाने के अपराध क्रमांक 122/21 धारा 294, 323, 324, 506 भादवि में आरोपी हरज्ञान पुत्र बब्बू सहरिया निवासी ग्राम सोनखरा थाना बमौरी के न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा अपने प्रकरण क्रमांक 1034/21 में स्थाई वारंट जारी किया गया था, जो तामीली हेतु जिले के बमौरी थाने पर प्राप्त हुआ था। पुलिस द्वारा सोमवार को मुखबिर से मिली जानकारी पर को वारंटी हरज्ञान सहरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी में टीआई पंजाब सिंह, असलम खान, अंकित चतुर्वेदी, ललित शर्मा एवं सचिन जाट की सराहनीय भूमिका रही है ।

पटवारियों की हड़ताल से कामकाज ठप्प

आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

सीहोर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर जिले के सैकड़ों पटवारी करीब 15 दिनों से हड़ताल कर आंदोलनरत हैं। सोमवार को भी शहर के तहसील कार्यालय स्थित धरना स्थल पर सीहोर और श्यामपुर के बड़ी संख्या में पटवारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय राठौर ने बताया कि विगत 28 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है, सोमवार को 15 दिन हो गए है, लेकिन हमारी मांगों का निराकरण नहीं हो पाया है। मंगलवार को हमारी मांगों के समर्थन में याचिका लेखक

संघ का समर्थन देगा, इसके अलावा सुबह 11बजे तिरंगा यात्रा शहर के विधायक सुदेश राय के कार्यालय पर पहुंचेगी। इस मौके पर अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर से विधायक श्री राय का ध्यानाकर्षण कराया जाएगा। अपनी मांगों को लेकर जहां प्रदेश के करीब 19 हजार पटवारी हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों में ग्रेड पे को 28 सौ करना, भत्तों को बढ़ाना, साथ ही वेतनमान समयमान आदि की मांगे शामिल हैं। उन्होंने कहां अन्य प्रदेशों में पटवारी के साथ बाकायदा न्याय किया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में शिवराज सरकार पटवारियों के साथ न्याय नहीं कर रही है। दरअसल पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से भूमि संबंधी सभी तरह के काम पर अंकुश लग गया है। ऐसे में रिपोर्ट, दस्तावेज, नकल आदि मिलना भी मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं लोगों की पेशियां तक नहीं हो पा रही हैं। इस वजह से जिले की तहसीलों में राजस्व सहित अन्य प्रकरण अटक गए हैं। ऐसे में यहां पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों पर काम का बोझ बढ़ने लगा है।

न्यायालय ने अर्थदंड से किया दंडित

मारपीट के दोषी को 4 वर्ष का कारावास

आष्टा, देशबन्धु। द्वितीय अपर सत्र न्यायधीश कंचन सक्सेना के न्यायालय द्वारा आरोपी देवेन्द्र सिंह ठाकुर पिता धीरज सिंह ठाकुर निवासी ग्राम हरनावदा हाल मुकाम देवश्री हास्पिटल जावर तहसील जावर और आष्टा जिला सीहोर को भारतीय दंड विधान की धारा 323, 324, 325, 307 में दोषी पाते हुए 4 वर्ष का साश्रम कारावास और 11हजार 5 सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

अपर लोक अभियोजक विजेन्द्र सिंह ठाकुर के बताए अनुसार फरियादी तेजसिंह पिता कमलसिंह ठाकुर निवासी जावर द्वारा घटना के बारे में रिपोर्ट लिखाई। घटना 19 नवम्बर 2019 को शाम को 7 बजे के करीब की है, मैं अपने चचेरे भाई विजेन्द्र की मोटरसायकल से घर से सोसायटी जा रहा था, कि मिनु मेडिकल के पास खजुरिया जोड़ पर डाक्टर देवेन्द्र सिंह ठाकुर पिता धीरजसिंह ठाकुर जाति सेंधव निवासी देवश्री हास्पिटल जावर बिना नम्बर की मारूती सुजुकी अल्टो कार से मिला, जिनको मैने 3 वर्ष पहले अस्पताल निर्माण के लिए एक लाख रुपए दिए थे, जिसमें से देवेन्द्र ने 60 हजार रुपए मुझे वापस किए थे। शेष 40 हजार रुपये बाद में देने का बोला था। इसी बात को लेकर विवाद हुआ। देवेन्द्र ने जेब से चाकू निकालकर मेरे चेहरे और हाथ पर मारा वहीं पर देवेन्द्र पिता नरेन्द्र सिंह सेंधव निवासी जावर व वीरेन्द्र पिता रतन सिंह सेंधव ने बीच बचाव किया। जिसके बाद मैं थाने जाने लगा तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से कार से मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी।

जिससे मैं ओर मोटर सायकल पर बैठे देवेन्द्र और वीरेन्द्र विरेन्द्र नीचे गिर गए और डां. देवन्द्र ने अपनी कार वीरेन्द्र पर चढा दी, जिससे उसे पैर पर व शरीर मे अन्य जगह गंभीर चोंटें आई तथा मुझे हाथ पैर व चहरे पर तथा देवेन्द्र को सर व पैर पर चोटे आई। घटना वह उपस्थित कमल सिंह ठाकुर व चेतन सिंह ठाकुर तथा अन्य राहगीरों ने देखी। दोनो पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश कंचन सक्सेना ने आरोपी डॉ. देवेन्द्र सिंह को दोषी पाते हुए धारा 307 में 4 वर्ष की सजा और अर्थ दंड से दंडित किया। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक विजेन्द्र सिंह ठाकुर ने की।

ननि परिषद की बैठक में जमकर हुआ हंगामा

भोपाल, देशबन्धु। नगर निगम परिषद की सातवीं बैठक सोमवार को हुई। लेकिन जैसे ही बैठक शुरू हुई, विपक्षी कांग्रेसी पार्षदों ने एनजीटी द्वारा निगम पर जुर्माना लगाए जाने का मुद्दा उठाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। विपक्षी पार्षद इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग कर रहे थे। लेकिन अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने समझा-बुझाकर विपक्षी सदस्यों को शांत कराया और जैसे-तैसे सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

नगर निगम परिषद की बैठक शुरू होते ही हंगामे में बदल गई। कांग्रेसी पार्षदों ने एनजीटी के निगम पर जुर्माने के मुद्दे पर हंगामा कर दिया। उन्होंने दोषी अधिकारियों से जुर्माने की राशि वसूलने और कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए अध्यक्ष की आसंदी घेर ली। अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने समझा-बुझाकर जैसे-तैसे विपक्षी सदस्यों को शांत कराया और सदन की कार्यवाही शुरू हुई। लेकिन प्रश्नकाल के दौरान निर्माण से जुड़े एक प्रश्न का जवाब महापौर परिषद सदस्य जितेंद्र शुक्ला दे रहे थे, तभी नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने जवाब को मिथ्या कह दिया। इसके चलते सभी महापौर परिषद सदस्य अध्यक्ष की आसंदी के सामने आ गए और उन्होंने नेता प्रतिपक्ष द्वारा ऐसा कहने पर माफी मांगने की बात कही। इस दौरान बीजेपी और कांग्रेस पार्षद आमने-सामने आ गए ौर दोनों पक्षों के पार्षदों ने नारे भी लगाए। निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी ने दोनों पक्षों को समझाइश दी। इसके बाद प्रश्न फिर से शुरू हुआ। प्रश्नकाल के बाद बैठक की कार्यसूची पर चर्चा शुरु होते ही कांग्रेसी पार्षदों ने बैठक के बिंदुओं को लेकर भी आपत्ति ली और कहा कि सिर्फ जगहों के नाम बदले जा रहे हैं,

कांग्रेसी पार्षदों ने किया बहिर्गमन

नामकरण की राजनीति हो रही है, जनहित के मुद्दों की अनदेखी की जा रही है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी चर्चा नहीं कराई जाती। निविदा विकास कार्य जैसे कई विषयों पर भी कांग्रेस पार्षदों ने आपत्ति ली है। इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेसी पार्षद हंगामा करते हुए बैठक से बहिगर्मन कर गए। इस बीच वार्ड-12 के पार्षद देवेंद्र भार्गव ने अपने वार्ड में एक सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने के मुद्दे पर बात की। इस पर अध्यक्ष ने सब इंजीनियर, ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश निगम आयुक्त फ्रैंक ए नोबल को दिए। इसके बाद कार्यसूची के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

बैठक में यह प्रस्ताव हुए पारित

बैठक में 70 वर्ष पुराने भोपाल टाकीज चौराहे से अल्पना टाकीज तिराहे तक हमीदिया रोड का नाम परिवर्तित कर गुरुनानक मार्ग, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में प्रधानमंत्री आवासीय परिसर का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर आवासीय परिसर करने, मालीखेड़ी प्रधानमंत्री आवासीय परिसर का नाम पूर्व विधायक स्व. गौरीशंकर कौशल के नाम पर गौरीशंकर कौशल आवासीय परिसर करने के साथ ही मालीखेड़ी दशहरा मैदान का नाम पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के नाम पर बाबूलाल गौर दशहरा मैदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, महापौर कक्ष के बाहर, गाड़ी पर चिपकाए पर्चे

नगर निगम परिषद की बैठक के दौरान परिसर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। अचानक हाथों मे तख्तियां लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने महापौर पर भ्रष्टाचार के आरोप नारे लगाए। जिला अध्यक्ष मोनू सक्सेना समेत कई कार्यकर्ता ने निगम दफ्तर के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान उनकी पुलिस से झूमा-झटकी भी हुई। कार्यकर्ताओं ने महापौर मालती राय पर आरोप लगाया कि वह नगर की जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं करा पा रही हैं। शहर में जगह-जगह गंदगी के साथ डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों और भ्रष्टाचार का अंबार लगा है। वहीं शहर के विकास के नाम पर नगर निगम परिषद द्वारा सिर्फ नामकरण किया जा रहा है। ऐसे में नगर निगम परिषद का नाम भी नामकरण परिषद, कर दिया जाना चाहिए। इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इस आशय के पर्चे भी महापौर कक्ष के दरवाजे और उनके वाहन पर भी चिपका दिए।

पत्नी ने बेटे और पोते के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

नाले में कंबल ने लिपटा मिला था शव

भोपाल, देशबन्धु। बागसेवनिया पुलिस ने अंधे कत्ल का राजफाश कर मृतक की पत्नी, नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि मामूली विवाद पर पत्नी ने बेटे और पोते के साथ मिलकर अधेड़ की हत्या की थी। गला दबाने के बाद आरोपियों ने शव को कंबल में लपेटकर नाले में फेंक दिया था। मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझा ली।

पुलिस उपायुक्त श्रध्दा तिवारी ने बताया कि गत 30 जुलाई 2023 को बागसेवनिया थाना इलाके के मीनाक्षी प्लानेट बागमुगालिया के पीछे नाले में कंबल ने लिपटी एक अधेड़ का शव मिला था, शव बुरी तरह से सड़ चुका था। उसके सीने पर दीपाली नाम, सांप और सूरज जैसा गुदा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ओमनगर बागसेवनिया में एक दीपाली नाम की महिला रहती है, जिसका पति विजय पाल काफी दिनों से लापता है। मृतक विजय पाल हो सकता है। संदेह के आधार पर पुलिस मकान नंबर 58 ओमनगर बागसेवनिया पहुंची। आसपास के लोगों ने बताया कि करीब एक-डेढ़ महीने पहले विजय पाल का अपने सौतले बेटे तापस के साथ विवाद हुआ था। तब से विजय पाल घर पर दिखाई नहीं दिया। पुलिस ने विजय के परिजनों से पूछताछ की, जिसमें उसकी 58 वर्षीय पत्नी दीपाली ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। दीपाली ने पुलिस को बताया कि उसके पहले पति निरंजन मंडल की वर्ष 2009 में मौत हो गई थी। इसके बाद वह काम करने दिल्ली चली गई और वर्ष 2014 में विजय पाल से शादी कर ली थी। 8-9 महीने पहले तबीयत खराब होने के कारण वह भोपाल आ गई। कुछ दिन बाद विजय भी भोपाल आ गया। दीपाली ने बताया कि 25 सितंबर को मेरा पोता विक्रम काम करने के लिए नौ लोगों को अपने साथ भोपाल से लेकर चैन्नई जा रहा था। उन लोगों को छोड़ने के लिए विजय भी स्टेशन गया था। स्टेशन पर विजय ने विक्रम से बात करने के लिए मोबाइल मांगा। इतने में ट्रेन चल गई और मोबाइल विजय के पास छूट गया। इसी मोबाइल में विक्रम के तीन रेल टिकट और दो हजार रुपए रखे थे। बिना टिकट होने पर विक्रम को टीसी पकड़ न ले इस बात को लेकर घर में बेटे तापस और विजय के बीच झगड़ा हो गया। विजय ने गाली-गलौच की तो तापस ने उसे तमाचे जड़ दिए। उस समय घर में दीपाली, उसका नाबालिग पोता, विजय, तापस और उसका दोस्त राजू भोकरे थे। सभी ने बीचबचाव कराया तो विजय ने उनके साथ हाथ-पाई कर दी। बाद में तापस और नाबालिग ने विजय के दोनों हाथ और राजू ने पैर पकड़े। इस दौरान वह विजय के ऊपर बैठ गई और उसका गला दबा दिया। कुछ देर बाद विजय ने हिलना-डुलना बंद कर दिया। बाद में शव को ठिकाने लगाने के लिए उन्होंने रस्सी से हाथ-पैर बांधे और कंबल में लाश को लपेटकर रात में मीनाक्षी प्लानेट के नाले में उसके शव को ठिकाने लगा दिया था।

अब कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी भू-अधिकार पुस्तिका

भोपाल, देशबन्धु। किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत अब नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। पूर्व में जारी भू अधिकार पुस्तिका यथावत् प्रचलन में रहेगी। परन्तु नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ हेतु 30 रूपये एवं अतिरिक्त प्रति पृष्ठ 15 रुपये शुल्क निर्धारित है। भू-अधिकार पुस्तिका न्यूनतम दो पृष्ठों की होगी, इस प्रकार दो पृष्ठों की भू-अधिकार पुस्तिका की कीमत 45 रुपये निर्धारित की गई है। अतिरिक पृष्ठ जोड़े जाने पर प्रतिपृष्ठ 15 रुपये देय होगा। भू-अधिकार पुस्तिका शुल्क अदा करने पर भूलेख पोर्टल पर ऑनलाइन, आईटी सेन्टर, लौक सेवा केन्द्र एवं शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदाता से प्राप्त की जा सकेगी।

मरीज की मौत से गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक से की मारपीट

भोपाल, देशबन्धु। पिपलानी इलाके में स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत होने से गुस्साए परिजनों ने चिकित्सक के साथ मारपीट कर अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी।

पिपलानी थाने के एसआइ रामराज बघेल ने बताया कि डा रितेश मालाकार इंद्रपुरी सेक्टर अनंतश्री अस्पताल में चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि रविवार रात में कुछ लोग एक 48 वर्षीय व्यक्ति को लेकर अस्पताल आए थे। मरीज की हालत को देखकर चिकित्सकों ने उनको ईसीजी कराने की सलाह दी थी, लेकिन वह जांच कराने को तैयार नहीं थे। बाद में मरीज की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इससे नाराज होकर मरीज के परिजनों ने डाक्टरों के साथ मारपीट कर अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। उनका आरोप था कि अस्पताल के चिकित्सकों ने इलाज अच्छे तरीके से नहीं की, इसलिए उनकी मौत हुई। जबकि डाक्टर रितेश का कहना है कि उन्होंने पहले ही ईसीजी कराने की सलाह दी थी। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। साथ ही पुलिस ने डॉ रितेश की शिकायत पर आरोपित रवि, प्रशांत, राजू, शुभम और साथी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि अपराध जमानती है, इसलिए आरोपितों को नोटिस दिया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

एनसीसी कैडेटों ने चलाया पुनीत सागर अभियान

भोपाल, देशबन्धु। जी 20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर, एनसीसी ने विश्व नेताओं के सामने प्रशिक्षित युवा संगठन की शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए पुनीत सागर अभियान शुरू किया। इस संदर्भ में एलएनसीटी विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने कलियासोत नदी के किनारे एक जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 40 से अधिक कैडेटों ने भाग लिया और जल संसाधनों को साफ रखने के लिए जागरूकता फैलाई। एनसीसी अधिकारी कैप्टन पीयूष नेमा ने उन्हें कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रेरित किया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के चांसलर,जे एन चौकसे, प्रो चांसलर डॉक्टर अनुपम चौकसे, वाइस चांसलर एन के थापाक और रजिस्ट्रार एके सोनी ने इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

एलएनसीटी विवि की स्वाति तिवारी बनी विजेता

भोपाल, देशबन्धु। कोलार रोड स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय की डॉ. स्वाति तिवारी विगत दिनों जयपुर (राजस्थान) में आयोजित ग्लोबल इंटरनेशनल सिंगिंग कांटेस्ट प्रतियोगिता में विजेता बानी। प्रतियोगिता में दुनिया भर के करीब 6 हजार डॉक्टरों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता की शुरुआत जनवरी 2023 में हुई थी, जिसका फाइनल 28 से 30 जुलाई को हुआ। इस शो में मशहूर सिंगर अलका याग्निक और कुमार शानू निर्णायक थे। स्वाति तिवारी गांधी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद एलएन मेडिकल कॉलेज से एमडी करने के बाद बतौर सहायक प्राध्यापक के पद पर है।

मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु। शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस कार्यक्रम संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र की भावी पीढ़ी को गढ़ने वाले आदर्श व्यक्तित्व होते हैं। शिक्षकों के ज्ञान की छाँव में विद्यार्थी गगनचुंबी लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। विद्यार्थी के चहुमुखी विकास एवं उसकी सफलता में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। अत: शिक्षक की वाणी, वेशभूषा एवं व्यवहार उन्हें समाज का अनुकरणीय आदर्श व्यक्तित्व बना देता है। सचिव ए.सी. साधवानी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने आप में मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल का ब्रांण्ड एम्बेसैडर है। अत: उसे अपनी सुसभ्य, शिष्ट, संस्कारित वाणी, भाषा, अभिवादन प्रकट करने के तरीके द्वारा उससे मिलने वाले हर व्यक्ति पर अमिट छाप छोड़नी चाहिए। सह-सचिव के. एल. रामनानी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने दैनिक क्रिया-कलापों को अनुशासन की डोर से बांधकर अपने चंचल मन पर नियंत्रण कर एवं चींटी की भाँति अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थिति में भी अडिग रहना सीखना आना चाहिए। अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षक की भूमिका अंत्यत महत्वपूर्ण है। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को बाहरी दुनिया से जोड़ने के लिए उन्हें कर्तव्य एवं संस्कारों से पोषित करते हुए उनके मानसिक स्तर को बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयासरत् रहते हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व करते हुए कक्षा पांचवीं के सौमिल चैलानी, कक्षा आठवीं से लवेश वाधानी, कक्षा दसवीं से धीरज खुशलानी, सम्यक जैन एवं कक्षा ग्यारहवीं से कृष्णा सीतलानी ने शिक्षकों का सम्मान अपने उदगारों एवं श्रद्धा सुमन को भाषण एवं स्वरचित कविता के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रारंभ में विद्यालय की उपप्राचार्या श्रीमती आशा चांगलानी ने स्वागत उदबोधन दिया। स्कूल के संगीत विभाग के अंतर्गत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रबंधन समिति की ओर से सभी शिक्षकों एवं कार्यालयीन स्टॉफ को सम्मान निधि के रूप में चेक, उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के हीरो ज्ञानचंदानी, घनश्याम बूलचंदानी, महेश दयारामानी, भगवान दामानी, मनोहर वासवानी, थावर वरलानी, राजकुमार मूलचंदानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दुर्गा मिश्रा एवं श्रीमती अंजु गोगिया तथा छात्र अमर सोनी, आदित्य जैन द्वारा एवं आभार मास्टर आदित्य खन्ना द्वारा किया गया।

सेवा सदन अस्पताल के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या आयोजित

संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के 37 वें स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सेवा सदन के डाक्टर्स तथा विभिन्न संवर्गों के कर्मचारियों द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, फैषन परेड, खेलकूद आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सांस्कृतिक संध्या में डा.मनोज राजे को प्रषस्ति पुरस्कार, इमरान खान को मिस्टर सेवा सदन, अनुषा पाठक को मिसेस सेवा सदन का पुरस्कार मिला। महेष लेखवानी क्रिकेट विनर, लोकेष मूलानी मैन आफदि टूर्नामेंट, मन्नत वासवानी आलराऊंडर, पिंकी लालवानी और रोहित दामानी बेस्ट ड्रेस, हितेष निचलानी और रितिका लालवानी बेस्ट पोज़, ईष चौबे और जानकी नेकवाल को बेस्ट पास्चर् का पुरस्कार दिया गया। फैषन परेड और गीत-संगीत प्रतियोगिताओं में अस्पताल के सभी डाक्टर्स ने भी भाग लिया। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव श्री महेष दयारामानी ने कहा कि सेवा सदन का चिकित्सकीय स्टाफवर्ष भर नेत्र रोगियों के इलाज और नेत्र सुरक्षा के कार्यों मे लगा रहता है। कोई सोच भी नहीं सकता की इन कर्मचारियों के अवचेतन में भी कलात्मकता के गुण विद्यमान हैं। कर्मचारियों को आज अपनी अंतर्निहित कला गुणवत्ता को मंच और अवसर मिला है। इस अवसर पर सेवा सदन के डाक्टर्स और कर्मचारियों के अलावा ट्रस्टी एल.सी.जनियानी, हीरो ज्ञानचंदानी, हीरो केसवानी, तुलसी आडवानी, के.एल. रामनानी तथा ए.सी साधवानी, सलाहकार कर्नल डा.मदन देषपाण्डे, मेडिकल डायरेक्टर डा.प्रेरणा उपाध्याय, कार्यपालिक अधिकारी पी.एस राठौर, वरिष्ठ प्रबंधक कुषल धर्मानी और भारती जनियानी, निर्णायक मण्डल की सदस्य डा. डालिमा पारवानी, डा.माधुरी षारदा, डा.सविता गजरे विषेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डा.कविता गुप्ता ने किया।

पंजीयन क्रमांक-DRB-3424-5-83

नटराज गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल
306 मंदाकिनी कालोनी, भोपाल (म.प्र.)

दिनांक 11/09/2023

वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण आम सभा **दिनांक 24 सितम्बर 2023** को आयोजित की गई है। प्रत्येक सदस्य को साधारण डाक से पृथक रूप से भी सूचना दी गई है। अगर सूचना नही मिली हो तो इस विज्ञप्ति को ही सूचना मानें।
समय: दोपहर दो बजे से
स्थान: 306 मंदाकिनी कालोनी भोपाल

अध्यक्ष
नटराज गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार सोहागपुर जिला नर्मदापुरम म.प्र.

तोरण सिंह आ. नन्हा जाति पुर्विया,
निवासी ग्राम बमारी तहसील सोहागपुर .....आवेदक

विरुद्ध

सुरक्षा बाई पत्नि राजेश
दोनों निवासी ग्राम बमारी तहसील सोहागपुर .....अनावेदकगण

रा.प्र.क्र. 0238/अ-6/2023-24
मौजा-ग्राम करनपुर तह. सोहागपुर जिला-नर्मदापुरम

सूचना पत्र

आपको -श्रीमति सुरक्षा बाई पत्नि राजेश पुर्विया निवासी ग्राम बमारी तहसील सोहागपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरणसिंह आ. नन्हा पुर्विया निवासी ग्राम बमारी तहसील सोहागपुर के द्वारा न्यायालय में धारा 109-110 म.प्र. भू.रा. संहिता के तहत ग्राम करनपुर में स्थित भूमि ख.नं. 192/2/1 रकबा 0.268 हे., एवं ख.न. 191/1 रकबा 1.060 है. भूमि पर राजेश पिता नन्हा की मृत्यु उपरांत फौतीनामांतरण नामांतरण किये जाने का आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक **20.09.2023** तक आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। उक्त पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 11.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम

कार्यालय नगर परिषद, बण्डा जिला- सागर (म.प्र.) -470335

Email:-cmobanda@mpurban.gov.in
फोन नं.-07583-252240
क्रमांक/ लो.नि. / न.प. /2023/ 1960 बण्डा दिनांक 08.09.2023

ई निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय नगर परिषद बंडा द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित आई.एस.एस.आर. प्रभावशील दिनांक 02.08.2021 (निविदा जारी दिनांक तक हुए सभी संशोधनों सहित) अनुसार प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में केंद्रीकृत पंजीयन पद्धति में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न अनुसार कार्य तु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्रं.	टेंडर क्रं. जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं स्थान	कार्य की समय अवधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य व इ.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2023_UAD_ 306195_1	Construction Work of Marriage Hall and rooms at nagar Parishad Banda	8 माह 9714900.00	10000.00 73000.00	18.09.2023
2	2023_UAD_ 306227_1	Construction of drain in ward 15 At nagar Parished Banda	2 माह 403,065.00	2000.00 4100.00	25.09.2023
3	2023_UAD_ 306228_1	Construction of drain at ward no-05 nagar Parished Banda	2 माह 927677.00	2000.00 10000.00	25.09.2023
4	2023_UAD_ 306229_1	Construction of drain at ward no-10 nagar Parished Banda	2 माह 501021.00	2000.00 5100.00	25.09.2023
5	2023_UAD_ 306230_1	Construction of meat market At nagar Parished Banda	4 माह 2,628,790.00	5000.00 20000.00	09.10.2023
6	2023_UAD_ 306232_1	mukhtidham me chabutra or tinshed nirman at nagar Parished Banda	2 माह 418849.00	2000.00 4200.00	25.09.2023

- निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते आदि ऑनलाइन वेबसाइट https://etenders.gov.में देखी जा सकती है।
- निविदा संबंधित समस्त अधिकार स्वीकृत निरस्त नगर परिषद बंडा के पास सुरक्षित रहेंगे।
- किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ वेबसाइट पर प्रकाशन किया जावेगा।

वैभवराज कुकरेले
अध्यक्ष
नगर परिषद बंडा जिला सागर

प्रभुदयाल पाठक
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बंडा जिला सागर

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण

भोपाल, देशबन्धु। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराने के मकसद से रोजगार प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। विभागीय बजट में इस वर्ष 2023-24 में वित्तीय प्रावधान किया गया है। योजना में अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को एमपीपीएससी, एसएससी, आईबीपीएस, पीईबी, सीए-फाउण्डेशन, रेलवे और विभिन्न तकनीकी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने के लिये निश्शुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के साथ शिष्यवृत्ति भी प्रदान की जा रही है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/राज./2023/2247 दिनांक 06.09.2023

नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदकगणों द्वारा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो नगरपालिका में विचाराधीन है।

क्रं.	प्रकरण क्र.	क्रेता	विक्रेता	पता	आधार
1	186/ना/2023	जरीना बी/ हसीन मियां	नूरउल अमीन	वार्ड 21	विक्रेय पत्र
2	187/ना/2023	सोनू सोनी/दीनक कुमार सोनी	कृष्णगोपाल उर्फ किशन/पूरन चन्द सोनी	कठाली बाजार	विक्रेय पत्र
3	188/ना/2023	मुर्तुजा हुसैन, रजिया फैजी	मुर्तुजा हुसैन, रजिया फैजी	वार्ड 03	डायवर्सन, वही
4	189/ना/2023	रफत बी/ नसीम मियां	शकील अहमद, फारूख अहमद/खलील अहमद	वार्ड 03	विक्रेय पत्र
5	190/ना/2023	बाबूलाल/जगन्नाथ प्रसाद विश्वकर्मा	विमला देवी/नरेन्द्र प्रसाद	वार्ड 02	विक्रेय पत्र
6	191/ना/2023	राजकुमारी/राजकुमार रघुवंशी	कमलेश रघुवंशी	वार्ड 03	विक्रेय पत्र
7	192/ना/2023	रामश्री बाई/प्राग सिंह, रानी रघुवंशी/ मर्दन सिंह रघुवंशी	जानकी बाई/चैन सिंह रघुवंशी	वार्ड 03	विक्रेय पत्र
8	193/ना/2023	रामचरण/हलकई प्रजापति	चतरा बाई/पंचम सिंह, गुलाब सिंह/पंचम सिंह	वार्ड 02	वसीयतनामा शपथपत्र
9	194/ना/2023	विमला बाई/सूरज सिंह रघुवंशी	विमलेश/राकेश रघुवंशी	वार्ड 03	विक्रेय पत्र
10	195/ना/2023	नजमा बी/अफरोज खांन मंसूरी	अब्दुल लतीफ/अब्दुल वहाव खां	वार्ड 06	विक्रेय पत्र

अत: उपरोक्त दावो के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाण सहित इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के भीतर नगरपालिका कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा वाद अवधी यह मानकर किसी को कोई आपत्ति नहीं आगामी कार्यवाही की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सिरोंज

भोपाल, मंगलवार 12 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

मीडिया से बचते मोदी

एक ओर तो रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में उभरे अनेक अंतरराष्ट्रीय मसलों के बारे में खबरें आ रही हैं, तो वहीं ये पहलू भी सामने आया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को मीडिया से बात करने की इजाजत नहीं दी थी। शिखर सम्मेलन के पहले तथा मोदी-बाइडेन मुलाकात के बाद प्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति से बात करना चाहता था, लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वियतनाम पहुंचकर यह जानकारी दी जिसे लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम नरेश ने तंज कसते हुए आरोप लगाया है कि 'पीएम मोदी बाइडेन से कह रहे हैं कि न प्रेस कांफ्रेंस करूंगा, न करने दूंगा।' (प्रेस कांफ्रेंस नहीं करेंगे और न ही आपको करने देंगे)। अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने जो कुछ वियतनाम में कहा उसके मुताबिक उन्होंने (बाइडेन ने) मोदी से मानवाधिकारों के सम्मान और एक मजबूत समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक संस्थाओं और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को उठाया था।

यह अपने आप में बड़ा विरोधाभास है कि एक ओर तो बाइडेन स्वतंत्र प्रेस की भूमिका याद दिला रहे हैं और स्वयं मोदी उतनी ही तेजी से उनकी सीख को दरकिनार करते हुए मीडिया से न स्वयं बात करते हैं और न ही अपने मेहमान को बात करने दे रहे हैं। पहली बात तो यह है कि एक राष्ट्रपति को दूसरे सम्प्रभु मुल्क के राष्ट्राध्यक्ष से यह कहने की आखिर ज़रूरत ही क्यों पड़ी कि वे मानवाधिकारों का सम्मान करें और नागरिक संस्थाओं व स्वतंत्र मीडिया की भूमिका को समझें। क्या अपने देश को हर घड़ी 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले राष्ट्रप्रमुख से इस बात की उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि वे इन तथ्यों को पहले से जानें? फिर, एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष को क्या यह सीख दी जाने की आवश्यकता इसलिये पड़ गई क्योंकि उसे इस बात का इल्म है कि मेजबान देश में ऐसा नहीं हो रहा है? यानी घर आया मेहमान जानता है कि आप मानवाधिकार का सम्मान नहीं करते, यह देश नागरिक संस्थाओं की भूमिका से अनभिज्ञ है और यहां मीडिया आज़ाद नहीं है।

सम्भव है कि भारत का विदेश मंत्रालय इस बात का कोई जवाबी बयान जारी करे या फिर यह भी हो सकता है कि वियतनाम दौरे के समापन अवसर बाइडेन जब मीडिया को विस्तार से सम्बोधित करें तो इस बाबत और भी खुलासा करें। अमेरिका का विदेश मंत्रालय भी वाशिंगटन से ऐसा कर सकता है। जो भी हो, बाइडेन का यह बयान भारत के लिये शर्मिंदगी लेकर आया है। वह इसलिये कि यहां होते मानवाधिकारों के हनन, नागरिक संस्थाओं व मीडिया की आज़ादी को लेकर गम्भीर स्थिति बन गई है। अधिक कष्टप्रद तो यह है कि जो कुछ भी बाइडेन ने कहा, उसका प्रमाण मोदी स्वयं और तत्काल दे रहे हैं। कदाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा उसका आधार उन तक पहुंचती भारत की इस आशय की खबरें हो सकती हैं। इसके अलावा जून में मोदी जब अमेरिका गये थे तब भी उनसे बार-बार निवेदन किया गया था कि बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करें। मीडिया ही नहीं, सभी तरह के मंचों पर सवालों से भागने वाले मोदी इससे मुकरते रहे। एक बड़े दबाव के अंतर्गत मोदी इसके लिये राजी तो हो गये परन्तु केवल दो सवाल लेने के लिये तैयार हुए थे। उनसे भारत में होते अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और देश में धार्मिक आजादी पर होने वाले हमलों से सम्बन्धित प्रश्न किये गये थे। यह भी पूछा गया था कि वे इससे निपटने के लिये क्या उपाय कर रहे हैं। सवालों का तार्किक व सिलसिलेवार उत्तर देने की बजाय प्रधानमंत्री ने उसी गोलमाल ढंग से बात की जिसके लिये वे जाने जाते हैं। इसके साथ ही उनकी भारतीय जनता पार्टी तथा मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की ट्रोल आर्मी ने सवाल करने वाली मुस्लिम मीडियाकर्मी पर आलोचना की इस कदर बौछारें की कि बाइडेन प्रशासन तक को उसके बचाव में उतरना पड़ा था।

मोदी की पिछली यात्रा जब हुई थी, उसके पहले मणिपुर में साम्प्रदायिक हिंसा के मामले सामने आने लगे थे, धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत की रैंकिंग काफी नीचे जा चुकी थी जिसके सम्बन्ध में कई रिपोर्टें मिल रही थीं तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने बतला दिया था कि मोदी के प्रश्रय से गौतम अदानी दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना है। इन तमाम विषयों पर उनसे अमेरिकी मीडिया बात करना चाहता था लेकिन जिन मोदी साहब ने खुद के देश में 2014 यानी पीएम की कुर्सी सम्भालने के बाद से कभी प्रेस कांफ्रेंस नहीं की है वे अमेरिका में प्रेस कांफ्रेंस करने के लिये कैसे आसानी से तैयार हो सकते थे जबकि यहां मीडिया का बड़ा हिस्सा सरकार समर्थक है। 2021 में तो खुद बाइडेन एक तरह से व्यंग्य स्वरूप कह चुके थे कि 'अमेरिकी मीडिया की तुलना में भारतीय मीडिया का व्यवहार काफी अच्छा है' (स्वाभाविकत: मोदी ने इस पर रजामंदी दिखलाई थी)। कुल जमा यह देश के लिये शर्मनाक स्थिति है कि मीडिया से उनके बचने की चर्चा देश के बाहर उस व्यक्ति के द्वारा की जाये जिसकी आवाभगत में आपने पलक पांवड़े बिछाये थे तथा राजशाही को मात देने वाली आवभगत की थी। मोदी की मीडिया से बचने की हरकतें न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र के लिये बेचैनी पैदा करने वाली हैं, बल्कि यह एक चुनी हुई सरकार द्वारा किया जाने वाला गैरजिम्मेदाराना रवैया है। मोदी को चाहिये कि वे मीडिया से वार्ताएं करें क्योंकि लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व संवाद ही है।

उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत

जी-20 के अनुपातहीन तमाशे की चकाचौंध से मोदीराज ने जिन बहुत सी अप्रिय सच्चाइयों को एक हद तक कामयाबी के साथ छुपाया है, उनमें एक सच्चाई प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेतृत्व में चल रही संघ-भाजपा की जोड़ी के घटते जन-समर्थन की है। इसी सच्चाई का एक और सबूत, जी-20 के शुरू होने से ऐन पहले आए, छ: अलग-अलग राज्यों में हुए सात विधानसभाई सीटों के उपचुनाव के रूप में सामने आया है। बेशक, सभी जानते हैं कि आम तौर पर उपचुनावों में और खासतौर पर विधानसभाई उपचुनावों में, सत्ताधारी दलों के लिए अनुकूल स्थिति रहती है और इसलिए उप-चुनावों के नतीजों में बहुत ज्यादा अर्थ नहीं पढ़ा जाना चाहिए। फिर भी, देश के छ: अलग-अलग राज्यों में एक साथ हुए उपचुनावों के संकेतों को, महज स्थानीय मामला मानकर अनदेखा करना किसी भी तरह से तार्किक नहीं होगा। इन नतीजों के वृहत्तर संकेतों को पढ़ने से तब इंकार करना तो और बेतुका होगा, जब ये चुनाव देश के पैमाने पर बढ़ते तथा तीखे होते हुए राजनीतिक ध्रुवीकरण के संदर्भ में हो रहे थे, जिसकी अभिव्यक्ति विपक्षी मंच इंडिया के गठन के रूप में हो रही है।

इंडिया की मुंबई बैठक में, जो हाल के विधानसभाई उप-चुनावों से ठीक पहले, 31 अगस्त तथा 1 सितंबर को हुई थी, 28 राजनीतिक पार्टियों ने हिस्सा लिया था। बेशक, इस बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में ही ''मिलकर लड़ने'' का संकल्प लिया गया था और वह भी जहां तक बन पड़े एकजुट होने का ही निश्चय किया गया था और अगले चंद महीनों में होने जा रहे चार राज्यों के महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों तक की चर्चा नहीं की गई थी, तब विधानसभाई उपचुनावों के लिए औपचारिक रूप से एकजुट होने का तो सवाल ही कहां उठता है। इसके बावजूद, विधानसभाई चुनावों या उपचुनावों की चर्चा नहीं होना या आम चुनाव में भी ''जहां तक बन पड़े...एकजुट होने'' की ही बात करना भी, सत्ताधारी मोदी निजाम की ज्यादा से ज्यादा उजागर होती सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ, विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा एकजुट होने के प्रवाह को नकारता नहीं है बल्कि उसकी जटिलताओं को पहचान कर, उनके बीच से अधिकतम एकता हासिल करने के प्रयास की, यथार्थवादिता को ही दिखाता है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि छ: राज्यों में नतीजों ही नहीं, जमीन पर राजनीतिक कतारबंदियों की सारी भिन्नता के बावजूद, इन उपचुनावों के नतीजों से एक वृहत्तर हैडलाइन, जी-20 के शोर के नीचे मीडिया में बहुत तक दब जाने के बावजूद, ''इंडिया 4, एनडीए 3'' यानी इंडिया के भारी पड़ने की ही बनी है। दूसरी ओर एनडीए के लिए सबसे अनुकूल हैडलाइन भी इसका दावा करने से आगे नहीं जा सकी है कि, 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' यानी मुकाबला बराबरी पर छूटा! कहने की जरूरत नहीं है कि यह भी मोदीराज के लिए इंडिया की उपस्थिति से गंभीर चुनौती आने को तो दिखाता ही है, जबकि अभी तक इंडिया की तीन बैठकें ही हुई हैं और जनता के मुद्दों पर जन अभियान का सिलसिला तो अभी शुरू भी नहीं हुआ है।

सभी जानते हैं कि इन उप-चुनावों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल तथा केरल की एक-एक सीट यानी कुल चार सीटें भाजपा-विरोधी पार्टियों के खाते में गई हैं, जबकि त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट भाजपा ने अपनी झोली में डाल ली है, हालांकि त्रिपुरा में उसने जिस खुल्लमखुल्ला धांधली से इन सीटों पर कब्जा किया है, इसकी हम जरा बाद में चर्चा करेंगे। यह अलग से कहने की जरूरत नहीं है कि सभी सात सीटों पर, भाजपा या उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार मैदान में थे और उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद, इस उपचुनाव में नतीजा वाकई 4 बनाम 3 का रहा है। फिर भी 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' की हैडलाइन का इस सीमित अर्थ में कुछ औचित्य माना जा सकता है कि उपचुनाव से पहले, इन सात में से

राजेन्द्र शर्मा

> इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी।

तीन सीटों पर ही भाजपा का कब्जा था, जबकि चार सीटों पर भाजपा-विरोधी दलों का कब्जा था और उपचुनाव के बाद भी स्कोर जस का तस रहा है! वैसे यह भी अर्द्ध-सत्य ही है क्योंकि उत्तर प्रदेश की घोसी सीट का विधायक, दलबदल करा के भाजपा के अपनी झोली में डाल लेने से ही, उस सीट पर उपचुनाव हो रहा था।

जैसा कि हमने पीछे कहा, इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी कि भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) को दोनों सीटों पर चुनाव निरस्त करने की मांग करनी पड़ी थी और चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई ही नहीं किए जाने पर, उसे मतगणना के बहिष्कार का भी ऐलान करना पड़ा था। मतदान के पहले और मतदान के दिन, सत्ताधारी दल के पालतू गुंडों के आतंक, हिंसा तथा अपने प्रतिस्पर्द्धियों के कार्यकर्ताओं व पोलिंग एजेंटों पर हमलों की भीषणता का अंदाजा, एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि बॉक्सानगर में सीपीआई (एम) के सिर्फ 16 और धनपुर में 19 पोलिंग एजेंट ही, अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच पाए थे और जल्द ही उन्हें भी मार-पीट कर तथा डरा-धमकाकर मतदान केंद्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। वोट की इस खुली लूट के बाद, भाजपा ने खुद को बॉक्सानगर विधानसभाई क्षेत्र में कुल 89 फीसद वोट लेकर विजयी घोषित करा लिया, जबकि इसी फरवरी में हुए विधानसभाई चुनाव में इस सीट पर भाजपा को सीपीआई (एम) उम्मीदवार ने ठीक-ठाक अंतर से हराया था। दूसरी विधानसभाई सीट, धनपुर पर हालांकि भाजपा की ओर से लड़ते हुए केंद्रीय मंत्री, प्रतिमा भौमिक ने फरवरी के चुनाव में जीत हासिल कर ली थी और बाद में उनके इस्तीफा देने के बाद ही यह सीट खाली हुई थी, इस सीट पर भाजपा का 71 फीसद वोट लेकर जीतना भी, अब तक के चुनावों के इतिहास में अभूतपूर्व है। ये नतीजे, बड़े पैमाने पर धांधली का ही संकेत करते हैं। और त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और वोट की लूट का यह पहला मामला भी नहीं है। वास्तव में 2018 के आरंभ में भाजपा के इस राज्य में सत्ता में आने के बाद से, हरेक चुनाव में यही कहानी दोहराई जाती रही है। इस फरवरी में हुआ विधानसभाई चुनाव में जरूर, तब चुनाव आयोग की सख्ती की वजह से, इस धांधली तथा लूट पर एक हद तक अंकुश लगा था और इसके नतीजे में भाजपा का गठजोड़ साधारण बहुमत के आंकड़े से नीचे फिसलते-फिसलते बचा था। सत्तारूढ़ भाजपा ने इसका बदला, चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद, विपक्ष तथा खासतौर पर सीपीआई (एम) के खिलाफ हिंसा व आतंक की भयावह मुहिम से लिया था और अब उप-चुनाव में उसी का विस्तार देखने को मिला। विडंबना यह है कि सत्ता के सहारे, विपक्षी कम्युनिस्टों को कुचलने के लिए हिंसा, आतंक तथा दमन और खुली चुनाव धांधली का यह खेल, भाजपा ने बंगाल के ममता राज से सीखा लगता है।

शेष पांच विधानसभाई सीटों में से केरल की पुथपल्ली सीट पर, जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे यूडीएफ के पूर्व-मुख्यमंत्री, ओमन चांडी की परंपरागत सीट रही थी और उनके निधन से खाली हुई थी, उनके बेटे ने यूडीएफ की ओर से सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट के बल पर प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है, जबकि राज्य में उसके प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले, एलडीएफ का उम्मीदवार मुकाबले में रहा है। यहां भाजपा वास्तविक मुकाबले से बाहर ही थी और उसका उम्मीदवार बहुत पीछे तीसरे नंबर पर रहा है, जहां वह अपनी जमानत भी जब्त करा बैठा। इसके विपरीत, प. बंगाल में धूपघुड़ी के उपचुनाव में, तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज कराई है, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। यहां भाजपा अगर संतोष हासिल कर सकती है तो इसी बात का कि इससे पहले हुए सागरदीघी के उपचुनाव के विपरीत, यह चुनाव भाजपा के उत्तरी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चेलेंजर के बने रहने को दिखाता है। सागरदीघी उपचुनाव में वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार ने, तृणमूल कांग्रेस से सीट छीन ली थी और भाजपा काफी दूर तीसरे स्थान पर खिसक गई थी।

शेष तीन सीटों का चुनाव व्यावहारिक माने में विपक्षी गठबंधन इंडिया और सत्ताधारी गठजोड़ एनडीए के बीच रहा था। इनमें से उत्तराखंड में, सत्तारूढ़ भाजपा ढाई हजार से कम वोट के अंतर से बागेश्वर सीट पर, अपने दिवंगत मंत्री की पत्नी को उम्मीदवार बनाकर, सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट और प्रशासन के दुरुपयोग के सहारे, किसी तरह से सीट बचाने में कामयाब रही। दूसरी ओर, उसे मुख्य चुनौती दे रहे कांग्रेस उम्मीदवार को, लगभग सारा भाजपा-विरोधी वोट मिला। समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियां कुछ सौ वोट तक ही सिमट गईं। इसकी उल्टी तस्वीर झारखंड में देखने को मिली, जहां डुमरी सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार ने, भाजपा-समर्थित आजसू उम्मीदवार को 17,513 हजार से ज्यादा वोट से करारी शिकस्त दी। झामुमो उम्मीदवार को समूचे विपक्ष का समर्थन हासिल था और सहानुभूति का लाभ भी मिला।

बहरहाल, इस चक्र में सबसे दिलचस्प और मानीखेज नतीजा, उत्तर प्रदेश में घोसी सीट का रहा। यह सीट, पिछले विधानसभाई चुनाव में प्रभावशाली अंतर से समाजवादी पार्टी के निशान पर जीते, दारासिंह चौहान के दलबदल कर भाजपा में शामिल हो जाने पर, विधानसभा से इस्तीफा देने से खाली हुई थी। भाजपा ने चुनाव के बाद मंत्री बनाने की मंशा जताने के साथ, दारासिंह चौहान को अपने निशान पर चुनाव में उतारा था और मुख्यमंत्री योगी समेत, अनेक मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को चुनाव प्रचार में उतारकर, एक प्रकार से अपनी पूरी ताकत चौहान को जिताने के लिए लगा दी थी। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभसपा) और संजय निषाद के नेतृत्व में निषाद पार्टी को अपने पाले में कर के भाजपा, अपने परंपरागत वोट के साथ राजभर व निषाद जैसे पिछड़े समुदायों का वोट जोड़ने और दूसरी ओर अल्पसंख्यक मतदाताओं को आतंकित करने के सहारे, अपनी जीत पक्की मानकर चल रही थी। लेकिन, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की, 42,759 वोट से जीत ने दिखा दिया कि मोदी-योगी के डबल इंजन राज की पकड़ से, उत्तर प्रदेश का जन-मानस, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की उसकी सारी तिकड़मों के बावजूद, तेजी से फिसलता जा रहा है। याद रहे कि यह सिलसिला 2019 के आम चुनाव से ही जारी है, जिसका 2022 के चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने के बावजूद, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सीटों व वोट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के रूप में काफी असर दिखाई दिया था। साफ है कि विपक्षी एकता की तमाम सीमाओं के बावजूद, जनता इंडिया के गिर्द विकल्प गढ़ने की ओर बढ़ रही है।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त

■ डॉ. ज्ञान पाठक

28 विपक्षी राजनीतिक दलों के नवगठित इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले 39 राजनीतिक दलों के नवीनीकृत एनडीए ने अभी-अभी अपनी पहली चुनावी लड़ाई का फल चखा है। जिन छह राज्यों में उपचुनाव हुए उनमें से 4 में इंडिया गठबंधन मजबूत होकर उभरा है, सात में से 4 सीटें जीतीं, और 4 में से 3 क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए पर बढ़त हासिल की है।

सितंबर 2023 विधानसभा उपचुनाव 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हुए- पूर्वी क्षेत्र में झारखंड में डुमरी और पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में त्रिपुरा में बॉक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश में घोसी और उत्तरी क्षेत्र में उत्तराखंड में बागेश्वर, और दक्षिणी क्षेत्र केरल में पुथुप्पल्ली। इंडिया गठबंधन ने जो 4 सीटें जीतीं, वे धूपगुड़ी, डुमरी, घोसी और पुथुपल्ली थीं, जबकि एनडीए ने जो 3 सीटें जीतीं, वे बॉक्सानगर, धनपुर और बागेश्वर थीं।

परिणाम का एक और महत्वपूर्ण पहलू भी उल्लेखनीय है - इंडिया गठबंधन द्वारा जीती गई सभी 4 सीटें उसके विभिन्न घटकों द्वारा जीती गईं- जैसे कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी में जीत हासिल की, जेएमएम ने झारखंड में डुमरी में, सपा ने उत्तर प्रदेश में घोसी में, और केरल में कांग्रेस ने पुथुपल्ली में। यह स्पष्ट रूप से अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन सहयोगियों के बीच बेहतर सीट बंटवारे की व्यवस्था का संकेत देता है।

> राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है। सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

उत्तर प्रदेश और झारखंड में सीट बंटवारे की व्यवस्था की सफलता और इसके परिणामस्वरूप उपचुनाव में उत्साहजनक नतीजों से अब इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए देश भर में सीट बंटवारे के लिए प्रेरित होना चाहिए। उपचुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि इंडिया गठबंधन सहयोगी न केवल सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने में सक्षम हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने में भी सक्षम हैं।

इसके विपरीत, एनडीए द्वारा जीती गई सभी 3 सीटें वास्तव में भाजपा द्वारा जीती गईं, जो कि अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति भाजपा नेतृत्व के बड़े भइये रवैये को दर्शाता है, जो पहले तो उनके साथ पर्याप्त संख्या में सीटें साझा नहीं कर सकता है और दूसरी बात यह है कि गैर-भाजपा एनडीए सहयोगी हालांकि संख्या में इंडिया गठबंधन सहयोगियों से ज्यादा हैं, चुनावी दृष्टि से महत्वहीन साबित हुए हैं। कुल मिलाकर भाजपा अपने ही दम पर है।

त्रिपुरा और उत्तराखंड में उच्च सांप्रदायिक ध्रुवीकरण सर्वविदित है, जिससे भाजपा को क्रमश: 2 और 1 सीटें जीतने में फायदा हुआ। पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण काम नहीं आया। यह स्थिति भाजपा के लिए काफी चिंताजनक है और इंडिया गठबंधन के लिए उत्साहवर्धक। प्रधानमंत्री मोदी के तथाकथित करिश्मे को घटते हुए और आरएसएस-भाजपा कबीले के हिंदुत्व प्रचार के कमजोर होना को- सभी बड़े राज्यों में देखा गया है। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक अतिरिक्त चिंता का विषय है, खासकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के संबंध में, जहां कुल मिलाकर 136 लोकसभा सीटें हैं। केरल लोकसभा में 20 सीटें भेजता है और भाजपा को वहां हासिल करने के लिए कुछ भी नहीं है। त्रिपुरा और उत्तराखंड लोकसभा में केवल 2 और 5 सांसद भेजते हैं। जाहिर है, लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री मोदी के लिए इन उपचुनावों में हार का विशेष महत्व है।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से काफी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, जहां भाजपा ने 2019 के चुनाव में क्रमश: 18 और 62 लोकसभा सीटें जीती थीं। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन अभी भी इतना मजबूत है कि उसे आसानी से हराया नहीं जा सकता। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में अपना दबदबा कायम कर लिया है और प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठोस अभियानों के बावजूद उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा मजबूत और विजयी हुई है।

टीएमसी नेता निर्मलचंद्र रॉय ने धूपगुड़ी में भाजपा की तापसी रॉय को 4309 वोटों के अंतर से हराया, डुमरी में जेएमएम की बेबी देवी ने आजसू पार्टी की यशोदा देवी को 17,153 वोटों के अंतर से हराया, और सपा के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह चौहान को 42,759 वोटोंअंतर से हराकर घोसी सीट जीती। जीत का अंतर बताता है कि भाजपा ने झारखंड और उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन काफी हद तक खो दी है, जिससे इंडिया गठबंधन को फायदा हो रहा है। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, भाजपा को टीएमसी ने स्पष्ट रूप से मात दे दी है।

उत्तर प्रदेश के नतीजे सपा और इंडिया गठबंधन के लिए काफी उत्साहवर्धक हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा को 1,08,430 वोट मिले थे जबकि भाजपा को 86,214 वोट मिले थे। सपा के वोट बढ़कर 1,24,427 हो गये जबकि भाजपा के वोट घटकर 81,668 रह गये। यह केंद्र और राज्य में भाजपा नेतृत्व के लिए बेचैन करने वाला है, जो एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की बढ़ती अलोकप्रियता और दूसरी ओर सपा और उसके नेता अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत देता है।

झारखंड में, विधानसभा चुनाव 2019 में 71,128 वोटों के मुकाबले झामुमो को वर्तमान उपचुनाव में 1,00,317 वोट मिले। हालांकि, 2019 में प्राप्त 36,840 वोटों के मुकाबले, आजसू पार्टी 83,164 वोट हासिल करने में सफल रही, शायद इसलिए कि उसे भाजपा के समर्थन से लाभ मिला। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर चुनाव लड़ा था और उसे 36,013 वोट मिले थे। कहने की जरूरत नहीं है कि एनडीए का वोट शेयर ज्यादा नहीं बढ़ सका, जबकि जेएमएम और इस तरह इंडिया गठबंधन ने भारी बढ़त हासिल की है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका लगा है, क्योंकि भाजपा ने यह सीट विधानसभा चुनाव 2021 में टीएमसी के 1,00,333 के मुकाबले 1,04,688 वोट हासिल कर जीत ली थी। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि दोनों पार्टियां अपनी जमीन खो रही हैं- भाजपा को केवल 93,304 वोट और टीएमसी को केवल 97,613 वोट मिले। टीएमसी के मुकाबले भाजपा तेजी से अपनी जमीन खो रही है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई (एम) ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है।

सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

पावन प्रसंग

आध्यात्मिक मार्ग है-योग

योग विद्या भारतभूमि की अमूल्य विरासत है। प्राचीनकाल से लेकर अब तक इस देवभूमि पर तपस्वियों, ऋषियों, योगियों, साधकों ने अपने साधना-तप पुरुषार्थ से योग की पुनीत परंपराओं को जाग्रत व पुष्ट बनाए रखा है। इसी धरा ने समूचे विश्व के समक्ष आत्मानुसंधान की प्रणाली के रूप में इस जीवन विज्ञान का अनावश्यक किया है। भारतीय जीवन-सिद्धांतों में योग का मार्ग शाश्वत और सनातन है। इस पर चलने वालों के लिए यह साधना-पथ सदैव ही परम कल्याणकारी रहा है। जिन्होंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्हेंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्होंने योग मार्ग पर चलकर तपकर साधक, सिद्ध और योगी के रूप में विश्व मानवता के जीवन-पथ को आदिकाल से प्रकाशित एवं गतिमान बनाए रखने का कार्य किया है।

विगत कुछ दशकों में योग को लेकर भारत ही नहीं, अपितु समूचे विश्व में एक नई क्रांति और जाग्रति का वातावरण बना है। शिक्षा, चिकित्सा और समाज कल्याण से जुड़े संस्था- संस्थानों में प्राथमिकता से योग के शिक्षण प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, शोध-साधना आदि के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। योग को लेकर अनेक स्वतंत्र संस्थान व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के विस्तार को गति दे रहे हैं। 21वीं सदी में योग के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ते आकर्षण और रुचि को देखते हुए यदि इसे योगक्रांति की सदी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अब योग केवल साधना मार्ग वालों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि चिकित्सा, कॅरियर, व्यवसाय, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौंदर्य आदि अनेक क्षेत्रों में इसका विस्तार स्पष्टता से देखा जा सकता है।

जीवन-विद्या की सर्वोत्कृष्ट प्रणाली के रूप में प्राचीनकाल से चली आ रही योगविद्या का आधुनिक युग में इतना बहुआयामी विस्तार और विकास अत्यन्त गर्व की अनुभूति कराने वाला है, लेकिन योग के ऐसे आधुनिक विस्तार के साथ इस पुनीत प्राचीन परंपरा में कुछ विसंगतियां भी दिखाई देने लगी है, जो हम सभी के लिए चिंता और चिंतन का विषय है। यह सर्वप्रत्यक्ष है कि हमारी आधुनिक सभ्यता पर किस तरह भोगवाद की प्रवृत्ति हावी है। व्यक्ति स्वयं को केंद्र में रखकर संसार की हरेक चीज को सुख-संसाधन और उपभोग की वस्तु बनाने पर आतुर है। ऐसी प्रवृत्ति से ग्रस्त समाज में एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो योग को भी व्यावसायिकता का एक नया क्षेत्र समझता है।

योग की शिक्षा,डिग्री, प्रमाणपत्र, उपाधि आदि प्रदान करने वाले संस्थानों की भी उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा और कॅरियर को लेकर भारी संख्या में युवाओं का इस ओर आकर्षण बढ़ा है। समय की मांग की दृष्टि से यह अच्छा प्रयास है लेकिन चिंता की बात यह है कि योग की इस आधुनिक शिक्षा प्रक्रिया में इस चैतन्य विज्ञान का जीवन के साथ अंतर्संबंध एवं मूल उद्देश्य कहीं खोता सा नजर आ रहा है।

आदिकाल से इसका शिक्षण-प्रशिक्षण व मूल्यांकन का कार्य ऋषि स्तर के तपस्वियों, अनुशासित योगियों, शिष्यों, साधकों अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कसौटियों में भी कहीं कोई छूट का प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए आचार्य की योग्यता और शिक्षार्थी की पात्रता, दोनों योग के उद्देश्य पूर्ति की आवश्यक और अनिवार्य शर्तें हैं। यहां इस चिंतन की आवश्यकता है कि योग की शास्त्रीय अवधारणाओं, विचारों, सिद्धांतों की जानकारी अथवा योग क्रियाओं के कुछ बाह्य पक्ष की कुशलता प्राप्त करा देने मात्र से योग लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता और न ही कोई सार्थकता सिद्ध होती है, लेकिन वर्तमान में योग शिक्षा की यही सच्चाई पहचान बनते जा रही है।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त हो सरकार

नशा नाश करता है।पंजाब में इन दिनों नशे का कारोबार फलफूल रहा है। सरकार और पुलिस की ढुलमुल नीतियों के कारण पंजाब में नशे कारोबारियों के हौसले बुलंद है। पंजाब

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

श्वेताम्बर जैन समाज के पर्युषण पर्व का द्वितीय चरण आज से

गंजबासौदा, देशबन्धु। श्वेताम्बर जैन समाज के आठ दिवसीय पर्युषण पर्वाधिराज मंगलवार से प्रारंभ हो रहे हैं।समाज प्रबक्ता अशोक शाह ने बताया कि पर्युषण पर्व के अवसर पर राजस्थान से पधारे आराधक विद्वान सौरभ भाई जैन, प्रीतमभाई जैन एवं आदित्य जैन के मार्ग दर्शन में सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्य- कम गांधी चौक स्थित समाज के श्वेताम्बर जैन मंदिर में संपन्न होंगे।प्रतिदिन प्रात- 5 बजे से प्रभु के दर्शन पूजन एवं आरती के कार्यक्रम प्रात-9 बजे से विद्वानों के सानिध्य में भक्ताम्बर पाठ, कल्पसूत्र का बांचन, व्याख्यान एवं धर्म- चर्चा के कार्यकम होंगे।दोपहर 2 बजे से महिला मंडल के सौजन्य से संगीत मय प्रभु का पूजन-भजन एवं आराधना 7 15 सितंबर दोपहर पोथाजी पालकीजी का चल समारोह 16 सितंबर भगवान की माता को आऐ 14 सपनों के दर्शन एवं जन्मो- त्सव का कार्यक्रम 20सितंबर को तपस्वियों की शोभायात्रा घट यात्रा एवं क्षमावाणी के साथ चैत्य परिपाठी के तहत नगर के सभी जैन मंदिरों के दर्शन कर पर्युषण पर्व काहोत्सव का समापन होगा।

शिक्षकों का सम्मान समारोह आयाजित

जौरा, देशबन्धु। क्षेत्र के निवर्तमान शिक्षकों का गरिमामयी एवं आत्मीय सम्मान समारोह मनकामेश्वर महादेव मंदिर जौरा के सभागार में वरिष्ठ समाज सेवी एवं लोकप्रिय भाजपा नेता कैलाश मित्तल जौरा के द्वारा आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में रमेश अग्रवाल, रघुराज कंषाना, गिर्राज दंडौतिया, योगेश पाल गुप्ता, सूबेदार सिंह रजौधा, विष्णु माहेश्वरी, अखिलेश माहेश्वरी, डॉ एस के शर्मा, डॉ अशोक सिंघल, सेवाराम दीवान, मुन्ना लाल मंगल, गुड्डू मरैया, नवल किशोर गर्ग मौजूद रहे। अतिथियों व आयोजकों ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी शिक्षकों के त्याग व कर्मशीलता की उनके द्वारा बच्चों में दिए गए संस्कारों की उनके कारण भावी पीढी को मिले ज्ञान की प्रशंसा की। इस दौरान कैलाश मित्तल ने समर्पित भाव से सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने एवं आयोजक मित्तल ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का व उनके स्वजनों का तथा उपस्थित सभी समाज सेवियों, पत्रकार, सभी आचार्य गणों, गण मान्य नागरिकों का आत्मीय स्वागत व अभिनन्दन एवं सम्मान भगवान राधा कृष्ण के पेंडिल लगे हुए मोतियों की मालाओं से, शॉल, श्रीफल, पैन सैट, सुंदर कांड की पुस्तक एवं आकर्षक प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया।

मध्य प्रदेश में आम आदमी पार्टी सरकार बनाने को तैयार: उपाध्याय

मुरैना, देशबन्धु। आम आदमी पार्टी के मुरैना विधानसभा प्रत्याशी रमेश उपाध्याय एवं दिमनी विधानसभा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह तोमर ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा एवं कांग्रेस को परख चुकी है तथा अब आम आदमी पार्टी विकल्प के रूप में आ चुकी है और इस बार मध्य प्रदेश की जनता चंबल संभाग से ही इसकी शुरुआत करेगी। मुरैना एवं दिमनी विधानसभा प्रत्याशी के साथ पार्टी के जिला संयोजक विजय राजे सिंह परमार भी मौजूद थे। नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपनी अलग पहचान रखती है और हमारी पार्टी सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय के मूल सिद्धांतों पर काम कर रही है। पार्टी ने लोगों का विश्वास एवं दिल जीतने का काम किया है और इसी का परिणाम है कि दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार है। मध्य प्रदेश में दिल्ली एवं पंजाब के मॉडल को रखकर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से ली जानकारी

▸ स्वास्थ्य केन्द्रों में वीडियो कॉल कर की चर्चा

रायसेन, देशबन्धु। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा आज जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो में जाकर भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य तथा उपचार संबंधी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने मरीजों से डॉक्टर्स के नियमित चेकअप के लिए आने, नर्सो के आने, दवाईयां मिलने, भोजन तथा नाश्ता मिलने और साफ-सफाई के बारे में पूछा। जिस पर मरीजों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं की सराहना करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी को धन्यवाद दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मरीजों से आयुष्मान कार्ड बने होने के संबंध में पूछे जाने पर मरीजों ने बताया कि उनके आयुष्मान कार्ड बने हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा सांची सिविल अस्पताल, सलामतपुर स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य ग्रामों के स्वास्थ्य केन्द्रों में वीडियो कॉल के माध्यम से मरीजों से संवाद कर स्वास्थ्य तथा उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल ओड, डॉ विनोद परमार सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना के कार्यक्रम में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

रायसेन, देशबन्धु। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा जिले के ग्राम चिलवाहा में आयोजित मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सामग्री वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका पहनाकर, साड़ी और पानी की बॉटल प्रदान की गईं।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहन तेंदूपत्ता इकठ्ठा करने के लिए सुबह-सुबह जल्दी ही जंगलों में नंगे पाव चले जाते हैं। नंगे पांव होने की वजह से तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैरों में कांटे चुभने एवं छाले पड़ने सहित अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी कठिनाईयों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना शुरू की गई है। जिसके अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को जूते, चप्पल, साड़ियां, पानी की बॉटल, छाता तथा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में वन मंडल रायसेन अंतर्गत कुल 39610 परिवार तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं जिनके लिए शासन द्वारा निर्धारित कुल संग्रहको को 200 प्रति छाते के मान से रुपए संग्रहको के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर कर दिए गए हैं। प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को एक जोड़ी जूता, एक जोड़ी चप्पल, एक पानी की बोतल और परिवार की प्रत्येक महिला सदस्यों को साड़ी वितरित की जा रही है। इसके लिए जिला यूनियन रायसेन से 39610 पानी की बोतल, इतनी संख्या में जूते एवं चप्पल तथा 49950 साड़ियां वितरित की जाने का लक्ष्य है। जिले में 07 सितम्बर से विभिन्न समितियों में कार्यक्रम आयोजित कर तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरणपादुका सहित सामग्री वितरित की जा रही है।

विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हेल्पलाईन शिकायतों का समयावधि में निराकरण करें: कलेक्टर

रायसेन, देशबन्धु। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की विभागवार जानकारी लेते हुए अभी तक लंबित तथा निराकरण संबंधी कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सात दिवस में अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया जाए। कलेक्टर दुबे ने निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। शिकायत प्राप्त होते ही नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाए। उन्होंने विभागवार जिला अधिकारियों से स्वीकृत निर्माण कार्यो की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य अप्रारंभ हैं उन्हें जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए। साथ ही जो कार्य प्रगतिरत हैं, उन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाए। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्वीप प्लान के तहत जिले में की जा रहीं मतदाता जागरूकता गतिविधियों की भी जानकारी ली। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग तथा डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुर्वेदिक शिविर में बच्चों को बताए मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय

गंजबासौदा, देशबन्धु। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीण अंचलों के शासकीय स्कूलों सहित गांव में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है सोमवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर किरवाया मे आयुर्वेद चिकित्सा शिविर मे स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय आयुर्वेद औषधालय मसूदपु रके डा.शिवाजी चतुर्वेदी और डा.अरवि कनोजिया द्वारा किया गया।

ग्राम किरवाया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शिवि में 38 छात्राओं और 32 छात्रों

स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाई का वितरण

सहित 18 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक ता अनुसार आयुर्वेदिक औषधिया नि:शुल्क प्रदान की शिविर में उपस्थित आर्युवेदिक चिकित्सकों ने चर्म रोग पेट दर्द सिर दर्द चक्कर आना सामान्य बुखार सर्दी खांसी कमजोरी वात रोग बवासीर रक्त अल्पता आदि सामान्य बीमारियों के लक्षण के रोगियो का उपचार किया एंव वीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए।

लवकुश जन्मोत्सव पर कुशवाहा समाज निकालेगा चल समारोह

भेरुंदा, देशबन्धु। कुशवाहा समाज के आराध्य भगवान लव कुश का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक कुशवाहा ने बताया कि इस आयोजन में भगवान की झांकी का चल समारोह एवं शोभायात्रा मंगलवार को धूमधाम से निकल जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नारायण सिंह कुशवाहा विदिशा विशिष्ट अतिथि एवं अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुशवाहा हरदा एवं अखिल भारतीय कुशवाह युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल जबलपुर उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में कुशवाहा समाज के अध्यक्ष गौरी शंकर कुशवाहा, कमल कुशवाहा, नारायण सिंह कुशवाहा, रामस्वरूप कुशवाहा, सहित समस्त अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मानव को भयमुक्त कर देता है प्रभु भक्ति का मार्ग: पं. तिवारी

▸ भागवत कथा में चौथे दिन मनाया कृष्ण जन्मोत्सव, श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

सिरोंज, देशबन्धु। भागवत कथा के चौथे दिन की कथा में भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र एवं भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन कथा व्यास पं. राममोहन तिवारी ने किया। कथा में बालकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुंदर झांकी स्वरूप का दर्शन भक्तों ने किया। कथा में पं. तिवारी ने कहा कि संसारी मानव जीवन पर्यंत भय में जीता है भय का भूत जन्म से लेकर मृत्यु तक उसे सताता रहता है,परन्तु वही मानव जब सदगुरू की संगति पाकर प्रभु भक्ति के मार्ग पर निष्काम चलना शुरू करता है तो भय मुक्त हो जाता है। हिरण्यकश्यप से बड़ा अहंकारी अनाचारी और आजके परिप्रेक्ष्य में देखें तो आंतकवाद का पर्याय कोई दूसरा नहीं था। उसके आतंक से समूचा ब्रह्माण्ड थर्राता था परन्तु जब सत्पुरुषों का सानिध्य प्राप्त हुआ तो उसके घर में ही प्रहलाद जैसा धर्म का रक्षक भक्त प्रहलाद पैदा हुआ। जिसने उस आतंक के पर्याय का अंत प्रभु के हाथों करवा दिया। केवल भक्तों में ही निर्भयता पायी जाती है। कथा में वरिष्ठ समाज सेवी भाजपा नेता राममोहन पराशर लटेरी एवं युवा भाजपा नेता जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रशांत पालीवाल ने कथा व्यास का सम्मान किया एवं भगवत कथा का रसपान किया। कथा में कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद आसपास के सभी ग्रामीण जनों ने लिया और गुलाब अबीर और पुष्प वर्षा कर नृत्य किया।

अनियंत्रित बाइक ट्रक से टकराई, सेवानिवृत्त आरआई की मौत

मुरैना, देशबन्धु। जिले के बानमोर थाना क्षेत्र में थाने के सामने सड़क पर गहरे गड्ढे में बाइक जाने से वह अनियंत्रित हो गई और रिटायर्ड आरआई ट्रक से जा टकराया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बानमोर पुलिस थाने के सामने हाईवे रोड पर बाजार से खरीदारी कर बानमोर स्थित आदर्श कॉलोनी 11-30 बजे अपने घर जा रहे एक 65 वर्षीय रिटायर्ड आरआई जमील खान की एक सड? दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को पीएम हेतु भेजा। बताया जाता है कि हाईवे रोड पर लग रहे ट्रैफिक जाम तथा रोड पर बने जानलेवा गड्ढे के कारण उनकी मोटरसाइकिल अनबैलेंस हो गई और वे ट्रक की चपेट में आ गए। अचानक हुई इस घटना को लेकर उनके परिवार में मातम पसर गया है। ज्ञात रहे कि हाईवे रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण आए दिन घटनाएं घटित हो रही है, लेकिन स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारी इस और चुप्पी साधे हुए है।

अतिथि शिक्षक नियुक्त में लगाया परिवारवाद का आरोप

झुण्डपुरा/ मुरैना, देशबन्धु। नगर के शासकीय कन्या हाईस्कूल अन्तर्गत अतिथि शिक्षक भर्ती में धांधली का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर शर्मा ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सबलगढ़ को आवेदन प्रस्तुत कर प्राचार्य शासकीय कन्या हाईस्कूल एवं प्रधान अध्यापक शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय धोबीपुरा द्वारा साठ गांठ कर हटाये जाने का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। सुधीर शर्मा ने प्रस्तुत आवेदन में कहा कि पहले धोबीपुरा स्कूल में मेरी नियुक्ति की गई, पोर्टल पर नाम चढाने के नाम पर पैसो की मांग की तथा स्टाफ रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने की बात की तो फिर पैसो की मांग की, जब मैने इसकी शिकायत सी एम हेल्पलाइन पर की तो प्रधान अध्यापक धोबीपुरा द्वारा विना सूचना के मेरा नाम पोर्टल से हटा दिया गया। मैंने इसकी शिकायत प्राचार्य से की तो उन्होंने मुझे ठहराव की प्रति पकड़ा दी। उन्होंने प्राचार्य पर भी आरोप लगाया कि मुझे अधिक अंक वाले को दरकिनार कर उन्होंने अपने पुत्र की अतिथि शिक्षक पद पर नियुक्ति की है, यह परिवारवाद का उदाहरण है। शिकायत कर्ता ने इसकी जाँच कर अतिथि शिक्षक पद पर नियुक्ति की मांग की है।

होंडा सिटी गाड़ी से पुलिस ने 3 लाख से अधिक की शराब पकड़ी, 2 आरोपी गिरफ्तार

मुरैना, देशबन्धु। जिले की सराय छोला थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह हरियाणा से मुरैना लाई जा रही अवैध शराब को एक होंडा सिटी गाड़ी से बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है तथा रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिहं चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक अरविन्द ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राकेश गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब के निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत सराय छोला थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह सफलता हासिल करते हुए दो शराब तस्करों शिवम सिकरवार एवं आकाश यादव निवासी मुरैना को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला ने बताया कि अल्ला बेली चौकी के पास म.प्र. तथा राजस्थान की सीमाओं के बीच बनाये गये अंतर्राज्यीय चेकिंग पॉईंट पर चेकिंग के दौरान धोलपुर तरफ से आ रही एक सफेद रंग की होंडा सिटी कार क्रमांक यूपी 80-बीजे 0556 को रोक कर चेक करने पर उक्त कार के अंदर 29 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब(रोयल स्टेग, ब्लेन्डर्स प्राइड, मैकडॉवल्स, ऑल सीसन्स व्हीस्की व बडवायसर बीयर) कुल मात्रा 262.920 बल्क लीटर की रखी हुई पाई गई। जिसे आरोपीगण द्वारा फरीदाबाद हरियाणा से परिवहन कर के शहर में खपाने की नियत से लाया जा रहा था। उक्त अवैध शराब की कीमत 3 लाख 19 हजार 200 रूपये है, जिसे थाना सरायछोला पुलिस व सायबर सैल की टीम द्वारा जप्त किया गया तथा आरोपीगणों के कब्जे बाली कार क्रमांक यूपी 80-बीजे 0556 होण्डा सिटी कीमती करीबन 05 लाख रूपये को जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सरायछौला निरीक्षक दर्शन लाल शुक्ला, उनि अविनाश सिंह राठौड, उनि सौरभपुरी, उनि अभिषेक जादौन, उनि विवेक शर्मा, प्र.आर. स्वदेश कुमार, आर. कुलदीप भदौररिया, प्रशांत शर्मा, रामकिशन जादौन, राहुल राजावत (सायवर सैल) वीरेन्द्र सिंह, असगर, लखनप्रताप, धर्मेन्द्र, राधेश्याम, रामलक्ष्मण, वीरेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

दहेज न लाने पर बहू को घर से निकाला

मुरैना, देशबन्धु। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति एवं ससुरारी जनों ने एक सप्ताह पूर्व बहु को एक साड़ी में ही घर से निकाल कर मायके छोड़ दिया। पीड़ित पुत्री की मां ने बानमोर थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। फरियादी श्रीमती मीना शिवहरे निवासी बानमोर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री वर्षा शिवहरे का विवाह 21 फरवरी 2023 को ग्वालियर लोहा मण्डी निवासी श्याम शिवहरे के पुत्र आशीश उर्फ हिमांशु शिवहरे के साथ हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न कराया और दान दहेज में 6 लाख रूपये नगद तथा सोने चांदी के जेवर भी दिए थे, लेकिन दहेज की रकम कम होने पर ससुरालीजन द्वारा दो लाख रूपये नगद व चार पहिया वाहन की मांग कर मेरी पुत्री को आये दिन प्रताड़ित करने लगे तथा सास निर्मला शिवहरे, ससुर श्याम शिवहरे, जेठ कृष्णा शिवहरे, जिठानी राधिका शिवहरे ननद नीतू शिवहरे तथा पति आशीष उर्फ हिमांशु शिवहरे द्वारा कई बार मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। गत 2 सितम्बर 2023 की रात्रि 8 बजे मेरी पुत्री वर्षा शिवहरे को ससुराली जनों द्वारा मारपीट कर मेरे घर सिर्फ पहनने के कपड़ों के साथ छोड़ गये और मुझसे कहा कि जब तक तुम दहेज के 2 लाख रूपये तथा चार पहिया वाहन कार नहीं दोगे, जब तक हम इसे नहीं ले जायेगें। पीड़ित महिला ने थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

संकल्प लेकर लगाए 1 हजार पौधे

बैतूल, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार निखिल मंत्र विज्ञान जोधपुर की शाखा सिद्धाश्रम जिला संगठन बैतूल ने भादो की विजया एकादशी को गुरू आज्ञा के पालननार्थ नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर के आतिथ्य में ग्रीन टाईगर पार्क आमला रोड में गुरू पूजन एवं आरती के पश्चात 1 हजार पौधारोपण का संकल्प लेकर पहला चरण पूरा किया। जिसमें अध्यक्ष प्रशांत गर्ग, संरक्षक आईडी कुमरे, एसएल धुर्वे राजीव खंडेलवाल, रामा काकोड़िया, बीडी दवंडे, हर्षा मनोज अग्रवाल, राजश्री निखिल, संतोष मालवीय, पंजाबराव चिल्हाटे, निश्छल कमाविसदार, ओम साहू, रूसीलाल यादव, अशोक इवने आदि अनेक शिष्यों के साथ पंवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच, सेन समाज बैतूल, पंवार समाज, पूर्व सैनिक संघ का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में इसी तरह पौधारोपण की शपथ ली गई।

जरूरतमंदों को कराया भोजन

आमला, देशबन्धु। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष स्व.जगदीश कोकाटे की द्वितीय पुण्य तिथि पर परिजनों ने दीनदयाल रसोई में जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया। इस दौरान स्व.जगदीश कोकाटे के भाई भोलाराम कोकाटे ,लखन कोकाटे व पुत्र दीपक कोकाटे,प्रदीप कोकाटे द्वारा दीनदयाल रसोई में 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया ।

प्रशिक्षण के लिए किसानों का दल रवाना

बैतूल, देशबन्धु। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस एवं जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन ने सोमवार को मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा परियोजना अंतर्गत 40-40 कृषकों के तीन दल पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण हेतु पृथक-पृथक स्थानों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किए। कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गवर्निंग बोर्ड के निर्देशानुसार जिले के विकासखंड आठनेर एवं चिचोली के 20-20 कुल 40 कृषकों को जैविक खेती के साथ श्री अन्न (मोटा अनाज) जिसमें कोदो, कुटकी रागी, सावा, बाजरा, जवार, कनगी आदि के उत्पादन तकनीकी एवं उनसे बनने वाले उत्पाद के विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र मंडला के लिए भेजा गया। साथ ही विकासखंड शाहपुर एवं घोडाडोंगरी के 20-20 कुल 40 कृषकों को कृषक प्रशिक्षण केन्द्र पवारखेड़ा एवं जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय के संस्थान में गन्ने की उन्नत तकनीकी, मत्स्य पालन, कृषि से संबंधित अन्य तकनीकी के प्रशिक्षण हेतु कृषक दल को भेजा गया। आत्मा अंतर्गत राज्य के बाहर कृषक प्रशिक्षण हेतु प्रत्येक विकासखंड से 4-4 कृषकों का चयन कर कुल 40 कृषकों के अन्य दल को प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण हेतु क्षेत्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र नागपुर में प्रशिक्षण के लिए उक्त प्रशिक्षण दलों को रवाना किया। इस दौरान उप संचालक कृषि डॉ. आनंद कुमार बड़ोनिया, परियोजना संचालक आत्मा आरजी रजक, बीटीएम सुनील कुमार बर्डे, एटीएम विजेन्द्र वाईकर आदि के साथ प्रशिक्षण दल उपस्थित रहा।

पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया महाभिषेक

मुलताई, देशबन्धु। प्रभात पट्टन विकास खंड के ग्राम वायगांव के सोमवार राम मंदिर परिसर में ग्राम वासियों द्वारा 952 रूद्रा व पार्थीव शिवलिंग बनाकर महा अभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित दुबे जी के मार्गदर्शन में ग्राम की महिलाओं एवं पुरुषों ने पूजन सामग्री के साथ भाग लेकर रुद्रा व पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया और फिर उनका महा अभिषेक किया। राम मंदिर समिति के पंढरीनाथ पाटणकर ने बताया कि वर्तमान में बारिश होने से फसलों की स्थिति मजबूत हो गई है, जिसके खुशी में ग्राम वासियों के निर्णय पर महाअभिषेक किया गया।

जिला बनाओ आंदोलन बना जनआंदोलन, बंद रहा मुलताई

▸ रैली निकालकर अंबेडकर प्रतिमा को सौंपा ज्ञापन

मुलताई, देशबन्धु। ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई क्षेत्र को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर 1 सितंबर से शुरू हुए आंदोलन में 11वें दिन बाद बंद का आव्हान किया गया था। जिसके चलते सोमवार नगर पूरी तरह बंद रहा। जिला बनाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ता संदीप कामडी, लोकेश यादव, रोबिन सिंह परिहार एवम् एक नया परिंदा फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने पूरे शहर में घूमकर प्रतिष्ठानों को बंद करवाया। व्यापारिक प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद दिखाई दिए। यहां तक की पान ठेले, चाय नाश्ते की गुमठी दुकानें और कुछ मेडिकल स्टोर्स भी संचालकों ने बंद रखें। निजी स्कूल सहित बसों का संचालन भी बंद रहा। मुलताई नगर की सड़कों पर मात्र वाहनों की आवाजाही दिखाई दी, लेकिन पूरा मार्केट बंद रहा। इस बंद से जिला बनाओ आंदोलन अब जन आंदोलन बन चुका है। बस स्टैंड किसान स्तंभ पर दिए जा रहे धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों के साथ नपा अध्यक्ष नीति परमार, उपाध्यक्ष शिव कुमार माहोरे, पार्षद सुरेश पौनीकर, पूर्व राज्य मंत्री हेमंत देशमुख, अनिल सोनी, सी एस चंदेल सहित समस्त अधिवक्तागण, भाकपा से महेश शर्मा, युवा समाज सेवी लोकेश गिदकर, पट्टन से दुर्गेश सोने, चिखली से डॉ कमलेश रघुवंशी सिक्ख समुदाय से हरप्रीत खुराना आदि जुटे और मुलताई को जिला बनाए जाने की मांग का समर्थन किया।

मुलताई नगर सुबह से 3 बजे तक पूरी तरह बंद रहा। शहीद किसान स्तंभ पर पहुंचे सैकड़ों नगर वासियों के साथ जिला बनाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक तक आभार रैली निकाल कर सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया और डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपते हुए शासन प्रशासन द्वारा संज्ञान लेकर मुलताई को जल्द से जल्द जिला बनाए जाने की मांग की। हनी खुराना, सौरभ जोशी ने बताया कि शासन तक अपनी आवाज पहुंचाने के उद्देश्य से डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा को ज्ञापन सौपा गया है।

चरणबद्ध अनिश्चितकालीन जारी रहेगा जिला बनाओ आंदोलन: मुलताई जिला बनाओ आंदोलन चरणबद्ध तरीके से अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। जेडी पाटिल, राजरानी परिहार आदि ने बताया कि इस आंदोलन को गांव गांव तक पहुंचाया जाएगा और प्रत्येक गांव से मुलताई को जिला बनाने के लिए समर्थन जुटाया जाएगा। कुछ दिनों बाद मुलताई नगर में विशाल रैली का आयोजन किया जाना है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी और हजारों लोगों के साथ विशाल रैली निकाली जाएगी।

चालक के साथ कार में बैठे थे छिन्दवाड़ा के अधिकारी, 2 लोगों की हालत गंभीर

सड़क किनारे बैठे लोगों पर चढ़ी छिंदवाड़ा के अधिकारी की कार, आधा दर्जन घायल

मुलताई, देशबन्धु। छिंदवाड़ा रोड पर स्थित ग्राम डहुआ में सड़क किनारे बैठे करीब आधा दर्जन लोगों पर छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट में पदस्थ जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी की गाड़ी ने 6 लोगों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में कार चालक सहित कार में सवार अधिकारी भी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा से भोपाल की ओर कार से अपने ड्राइवर अनिल के साथ जा रहे छिन्दवाड़ा जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी यशवंत माधव वैध की कार ने डहुआ पर सड़क किनारे बैठे मोहित युवराज बारंगे, राहुल मुन्ना बुआडे, सुखराम साहु, प्रवीण जम्बुल्कर, रवि कड़वे और विशाल बुआड़े आदि को रौंद दिया। जिसमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए, बाकी को हल्की चोट आई। जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से ईएमटी दिलीप मालवी ने मुलताई अस्पताल पहुंचाया। जहां पर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। दो गंभीर घायलों को मुलताई नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल कार चालक अनिल और जिला योजना सांखिकीय अधिकारी निजी एंबुलेस करके छिंदवाड़ा के लिए रवाना हो गए।

नपा स्वास्थ्य निरीक्षक के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा

सारनी, देशबन्धु। नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा पार्षद से की गई अभद्रता के मामले ने तुल पकड़ लिया है। जिसको लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने लिखित में कलेक्टर के नाम शिकायत कर स्वास्थ्य निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 19 के निर्दलीय पार्षद जफर अंसारी द्वारा 1 सितंबर और 8 सितंबर को उनके कार्यालय में जाकर वार्ड में सफाई किए जाने से संबंधित जानकारी दी गई थी लेकिन काम नहीं हुआ तो वह 8 सितंबर को स्वास्थ्य निरीक्षक के कार्यालय गए लेकिन पार्षद के साथ अभद्रता कर यहां से जाने का कह दिया गया। स्वास्थ्य निरीक्षक पर कार्रवाई किए जाने की मांग वार्ड क्रमांक 28 की पार्षद बेबी पटेरिया, वार्ड 27 पार्षद संगीता धुर्वे, वार्ड एक पार्षद प्रीति मानकर, वार्ड 25 पार्षद आकाश पद्राम ने की है हैं। इधर स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार का कहना है कि महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद जफर अंसारी के माध्यम से जो मुझ पर आरोप लगाया गया है वह निराधार है। इस मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

बालिका से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सारनी, देशबन्धु। थाना क्षेत्र के शोभापुर गांव में एक बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने दो दिन पूर्व आरोपी के खिलाफ में सारनी थाने में शिकायत की थी। शिकायत मिलते ही सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता कार्रवाई करते हुए आरोपी को गांव से गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 10 जून 2022 से लेकर 9 सितंबर 2023 के बीच कई बार आरोपी ने डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। मना करने पर जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस ने 24 वर्षीय लक्ष्मण बेडे को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। ।

इनका कहना है

पीड़िता का मेडिकल कराकर आरोपी गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 376 (2) एम 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

अरविंद कुमरे
थाना प्रभारी सारनी

पिस्टल लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

बैतूल, देशबन्धु। पुलिस अक्षीक्षक सिध्दार्थ चौधरी तथा अति. पुलिस अक्षीक्षक नीरज सोनी अपराधी तत्वो के विरुध्द लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है इसी तारतम्य मे कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को देशी पिस्टल तथा राउण्ड सहित गिरफ्तार किया है। अनु अधिकारी पुलिस एस पी सिंह के निर्देशन मे नवागत कोतवाली थाना प्रभारी आशीष सिंह पवार अपराधी तत्वो पर लगातार नजर रखे हुए है सोमार सुबह मुखबिर की सूचना पर किसी वारदात की नियत से घुम रहे पुराने शातिर बदमाश पारुल ठाकुर उम्र 33 साल निवासी तिलक वार्ड टिकारी की तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद हुई जिसमे एक जिंदा कारतूस भी लगा था। कोतवाली पुलिस व्दारा अवैध पिस्टल मय राउण्ड के जप्त कर आरोपी पारुल उम्र 33 साल निवासी तिलक वार्ड टिकारी बैतूल को गिरफ्तार कर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी शहर का पुराना शातिर बदमाश है इसके विरुद्ध पूर्व से 13 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

मुलताई, देशबन्धु। संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने अपने जीवन में संघर्ष कर शोषित पीड़त लोगों के उत्थान के लिए जो प्रयास किये थे, उसके लिए हम सब उनके ऋणी रहेंगे। डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है। यह बात पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक सुखदेव पांसे ने ग्राम सावंगी में आयोजित डॉ. बाबा साहेब की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में विधायक पांसे ने कहा कि बाबा साहेब ने दलित, पिछड़े और कमजोर वर्ग को उनका हक दिलाकर विकास की मुख्य धारा से जोडने् में अपना पूरा जीवन समर्पित किया था। हम सब यह संकल्प ले कि डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाकर हर बच्चे को शिक्षित करेंगे। पांसे ने ग्राम सावंगी में डॉ. बाबा साहेब की प्रतिमा की स्थापना के लिए पूर्व में विधायक निधि से राशि 1 लाख 11 हजार रूपये प्रदान की थी।

रेलवे स्टेशन पर युवक ने की आत्महत्या

▸ बैतूल स्टेशन पर भी किया था प्रयास

मुलताई, देशबन्धु। नगर के रेलवे स्टेशन पर रविवार देर शाम करीब 7:30 बजे एक अज्ञात युवक का शव छत विच्छता अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि एक अज्ञात युवक रेलवे की मेन लाइन से गुजर रही ट्रेन के सामने फिल्मी अंदाज में दोनों हाथ फैला कर खड़ा हो गया था। देखते ही देखते वह व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया और कुछ देर बाद उसका शव ट्रैक पर छत विच्छत अवस्था में मिला। करीब 500 मीटर तक उसके अंग बिखर गए। तत्काल इसकी सूचना रेलवे स्टेशन पर दी गई। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार नागपुर से भोपाल की ओर जा रही संपर्क क्रांति मेन लाइन से गुजर रही थी, तभी अचानक एक अज्ञात युवक उसके सामने आ गया। ट्रेन गुजरने के बाद उसका शव दिखाई दिया। उसके शरीर के हिस्से अलग-अलग जगह पर फिंका गए। यहां तक की उसका चेहरा भी पहचान पाना मुश्किल हो गया था। रात में उसके शव को उठा का सरकारी अस्पताल पहुंचा दिया गया था। जहा उसकी शिनाख्त थाना साईंखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले जुनापनी निवासी 31 वर्षीय राकेश पुत्र धनराज धुर्वे के रूप में हुई।

मृतक राकेश के पिता धनराज धुर्वे ने बताया कि राकेश पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था, चार दिन पूर्व गुरुवार को बैतूल के रेलवे स्टेशन पर बने यात्रीशेड के ऊपर चढ़ गया था और ओएचई लाइन को पकड़ने का प्रयास करने लगा था, जिसे जैसे तैसे रेलवे कर्मियों ने पकड़ कर नीचे उतारा था।

मुलताई स्टेशन पर नहीं है सुरक्षा के इंतजाम, रात में छाया रहता है अंधेरा

नगर के रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से कोई इंतजाम दिखाई नहीं देते हैं। यहां तक की रात के समय प्लेटफार्म के कई हिस्सों पर अंधेरा छाया होता है। रेलवे स्टेशन परिसर चारों तरफ से खुला हुआ है, जहां से कोई भी व्यक्ति कभी भी रेलवे पटरी पर प्रवेश कर सकता है। मुलताई के औचक निरीक्षण पर आए डीआरएम से स्टेशन के चारो ओर बाउंड्री निर्माण की मांग की गई थी, जिस पर कोई कार्यवाही आगे बढ़ते नज़र नही आई।

ब्लॉक स्थरीय खो-खो प्रतिस्पर्धा का पाथाखेड़ा में हुआ आयोजन

सारनी, देशबन्धु। कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के विजय स्टेडियम में सोमवार को ब्लॉक स्थरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें 17 वर्ष से कम उम्र के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इसके अलावा इस स्पर्धा में एलएफएस स्कूल पाथाखेड़ा, एमजीएम स्कूल बगडोना,पीएलएस इंटरनेशनल स्कूल सुखढाना, सेंड फ्रांसिस स्कूल सारनी के लगभग 88 विद्यार्थियों ने इस स्पर्धा में शामिल रहे। खेल आयोजन एलएफएस स्कूल के खेल शिक्षक आकाश भालेकर ने बताया कि ब्लाक स्थरीय स्पर्धा के बाद विद्यार्थियों का चयन होगा और जिला स्तर की कमेटी तय होगी जिसमें विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। ब्लॉक फिर जिला और उसके बाद प्रदेश स्थल के खिलाड़ियों का चयन करने का कार्य कमेटी के माध्यम से किया जाए। ब्लाक स्थरीय स्पर्धा में चार अलग-अलग निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के माध्यम से बेहतर खेल का प्रदर्शन करने का कार्य किया गया।

वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के माध्यम से विजय क्रीडागन का निर्माण करवाया गया ताकि उनके खिलाड़ी किस स्टेडियम में खेल का प्रदर्शन कर सके और लंबे समय से शासकीय अशासकीय स्कूलों के माध्यम से ब्लॉक एवं जिला स्तर के खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विजय स्टेडियम पाथाखेड़ा में आयोजित होता रहा है लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन 24 अगस्त को कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा में हुआ था और उनके हेलिकॉप्टर को उतारने के लिए विजय स्टेडियम में हेलीपैड का निर्माण किया गया था हेलीपैड का निर्माण प्रशासन के माध्यम से करवा तो गया दिया गया लेकिन हेलीपैड को हटाने का कार्य नहीं किया गया जिसकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने में आज सुविधा हो रही है।खिलाड़ियों के माध्यम से

नियमितीकरण की मांग को वचन पत्र में शामिल करने विधायक को सौंपा ज्ञापन

मुलताई, देशबन्धु। नगरपालिका में वर्ष 2007 के बाद से एवं कोविड-19 के दौरान कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को शासन की नियमितीकरण योजना का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर सोमवार विधायक सुखदेव पांसे को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया की उनकी मांगों को कांग्रेस अपने वचन पत्र में शामिल करें। नगरपालिका मुलताई द्वारा वर्ष 2007 बाद से कार्यरत एवं कोविड 2019 के दौरान लगे कर्मचारियों को नियमित किया जाना जाना था। लेकिन नियमित नही किया गया है। जिससे वर्तमान में कलेक्टर दर न्यूनतम होने के कारण आय कम होने से परिवार का भरण-पोषण करने में एवं बच्चों के शिक्षा हेतु परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं स्थाईकर्मियों की मृत्यु उपरांत 2 लाख की सहायता राशि एवं अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किए जाने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को ऋण सुविधा का लाभ दिए जाने की मांग की है। इस दौरान नपाध्यक्ष नीतू परमार, नगर पालिका उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे एवं कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह परमार, सुमित शिवहरे आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

3 सूत्रीय मांगों को लेकर आप ने दिया धरना

सारनी, देशबन्धु। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया, पाथाखेड़ा चौकी प्रभारी संदीप, बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद वरकडे को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की व्यवस्था दुरुस्त करने की काम की गई है।

पाथाखेड़ा बस स्टैंड के समीप आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार के खिलाफ एवं जिला प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के बैतूल विधानसभा प्रभारी अजय सोनी ने कहा कि वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा और मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की भूमि पर अवैध तरीके से स्क्रैप की दुकानें संचालित हो रही है। वन भूमि पर अवैध शराब की दुकानें संचालित हो रही है। रोजगार के संसाधन उपलब्ध न होने के कारण क्षेत्र से पलायन का दौर जारी है। प्रदेश विंग के सचिव विनोद जगताप ने कहा कि क्षेत्र में रोजगार के संसाधन ना होने के कारण क्षेत्र के युवा दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। युवा नशे का आदी हो चुके है और जिला प्रशासन स्थानीय पुलिस प्रशासन इस ओर देखने और कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में पार्षद से लेकर नगर पालिका अध्यक्ष, विधायक और सांसद के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं लोकसभा प्रमुख अजय सोनी, डॉक्टर सुरेश भुमारकर, रमेश भूमरकर,अजय सरणकर, मुमताज खान, मुन्नालाल विश्वकर्मा,रघुनंदन प्रजापति,आशीष श्रीवास्तव,शीबू विश्वकर्मा, संतोष देशमुख,शिवकुमार तुकाराम,थबीराम डोंगरे, विजय रघुवंशी,विनोद जगताप,मनोहर पचोरिया, ममता देशमुख,रमाबाई,चंपा देवी सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

सार समाचार

20 सितम्बर को होगा कैंपस ड्राइव का आयोजन

नर्मदापुरम देशबन्धु। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा केंपस ड्राइव का आयोजन 20 सितम्बर को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाना है। ड्राइव में वर्धमान बुदनी, ट्राईडेंट बुधनी, नहर मंडीदीप, आईआईएएचएम, वक्रतुण्ड, नवकिसान बायोटेक, एलआईसी, ट्रइलॅजिक, आईसेक्ट एमआईसी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, श्रीराम माइक्रो फाइनेंस कंपनी, वेलस्पन जिज्ञासा ररबन, केप्सटन सर्विस लिमिटेड आदि कंपनियों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। ड्राइव में सम्मिलित होने के लिए 18 से 30 साल के इच्छुक आवेदक लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

बच्चों को आज खिलाई जाएगी कृमिनाशक दवा

नर्मदापुरम देशबन्धु। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 12 सितम्बर मंगलवार को प्रदेश के साथ-साथ संपूर्ण नर्मदापुरम जिले में शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों ,छात्रावासों मदरसों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कृमि नाशक दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार, जिला महिला बाल विकास अधिकारी ललित डेहरिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने संयुक्त रूप से बैठक कर बताया कि अंतर्विभागीय सहयोग से समस्त 01 से 19 वर्ष के बच्चों को कृमिनाशक दवा आंगनबाड़ी केंद्रों, सभी स्कूलों , छात्रावासों में स्वल्पाहार भोजन उपरांत कार्यकर्ताओं की निगरानी में खिलाई जाएगी। सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि माखननगर ब्लॉक में 45565, बनखेड़ी में 47888,नर्मदापुरम में 121547, केसला में 48872, पिपरिया में 68761, सिवनीमालवा में 70443 एवं सोहागपुर ब्लॉक में 51874 हितग्राहियों को मिट्टी से जनित रोगों से बचाने के लिए कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी।

आज इन क्षेत्रों में 9 बजे से 1 बजे तक बिजली बाधित

नर्मदापुरम देशबन्धु। जोन-1 एवं जोन 2 क्षेत्र अन्तर्गत 33/11 के वी उपकेन्द्र का रखरखाव कार्य 12 सितंबर 2023 को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक किया जाना है जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। उप महाप्रबंधक मप्रमक्षेविविकं लि नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मेंटेनेंस के दौरान 11 के वी हिल व्यू होम फीडर अंतर्गत साइ हेवन, साइ ग्रीन सिटी, हिल व्यू होम, मारुति नगर, डबल फाटक, फेफर ताल एवं संबंधित क्षेत्र, 11 केवी हाउसिंग बोर्ड फीडर अंतर्गत जिला जेल, पुलिस लाइन, कमिश्नर कॉलोनी, पटवारी कॉलोनी, बाबई रोड, कालिका नगर एवं आदि संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी।

फसल नुकसानी का व्यवस्थित सर्वे किया जाए : कलेक्टर

नर्मदापुरम देशबनधु। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित समयसीमा की बैठक में सबसे पहले वर्षा की स्थिति एवं फसल नुकसानी की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के वैज्ञानिक दल और अमले को जिले में भ्रमण कर जहां फसल नुकसानी हुई हैं, वहां व्यवस्थित सर्वे कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्व के अमले को भी खेतों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी खरीफ फसलों के उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा कर 20 सितंबर से शुरू होने वाले धान पंजीयन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश उपार्जन संबंधी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची में प्राप्त फॉर्म 6, 7, 8 आदि आवेदनों की बारीकी से समीक्षा कर उनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराएं। फॉर्म 7 मृतक व्यक्तियों के आवेदनों के निराकरण में विशेष ध्यान दे। ताकि शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि प्राप्त दावे आपत्ति और उनके निराकरण की जानकारी राजनीतिक दलों को भी दी जाएं। निर्वाचन से संबंधित दिशा निर्देशों पर प्रभावी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं। उन्होंने मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों में भी गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन के लिए पैड न्यूज और फेक न्यूज मॉनिटरिंग के लिए मॉनिटरिंग सेल गठित करने के निर्देश दिए। बैठक में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर सभी अधिकारियों को मशीन के संचालन के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बैठक में एनएच, पीडब्ल्यूडी और एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों, पुल पुलियों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की भी समीक्षा की। भूमि आवंटन के प्रकरणों की भी समीक्षा कर कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की भी समीक्षा कर सभी नवीन पात्र महिलाओं के खाते सक्रिय कराने के निर्देश सभी सीएमओ और सीईओ को दिए। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबल योजना में भी पंजीयन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ को दिए। कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को निर्देशित किया कि टीम नियोजित कर लंपी वायरस से ग्रसित मवेशियों को चिन्हित कर उनके उपचार के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएं। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागो के अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्ट्रेट रोड़ पर चली गोली, युवक घायल

नर्मदापुरम देशबन्धु। शहर के कोठी बाजार में कलेक्ट्रेट रोड पर दिन दहाड़े गोली चलने से इलाके में सनसनी फैल गई। गोलीकांड की जानकारी मिलते ही तुरंत एसपी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके से पुलिस बल को बुलाकर घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में घायल युवक का इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पिस्टल से युवक पर 6 फायर किए। फायरिंग में युवक के जांघ में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से गोली के 6 खोके बरामद किए हैं। घटनास्थल पर पहुंचे एसपी डॉक्टर गुरकरन सिंह ने बताया कि कोठी बाजार में फायरिंग का घटनाक्रम हुआ है। मौके सहित कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल जो घायल है उसको उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। अस्पताल में युवक का मेडिकल कराया जा रहा है। अभी घायल युवक और घटनाक्रम को अंजाम देने वाले आरोपी के नाम का खुलासा नहीं किया है।

जय जुनानिया ने जीता ओपन बेंच प्रेस प्रतियोगिता में गोल्ड

इटारसी देशबन्धु। कॉरपोरेशन एरिया पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा, ओपन बेंच प्रेस प्रतियोगिता विधायक ट्रॉफी का आयोजन भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता में इटारसी के जय जूनानिया 66 किलो वर्ग ग्रुप में सहभागिता कर 100 किलो वजन से बेंच प्रेस लगाते हुए प्रथम स्थान पर स्वर्ण पदक विजेता रहे। उनकी उपलब्धि पर देवेंद्र नाहर, सोहन राणा, यूपी सिंह, मूलचंद यादव, आशीष जैन, ओपी सेन, शैलेंद्र मधोक, मनोज बोहित, सीमा वर्मा, पूजा मालवीय, जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन इटारसी अध्यक्ष मनोज बामने, सचिव जगदीश जूनानिया एवं पदाधिकारियों सहित समस्त खिलाड़ी व शहर के नागरिकों ने बधाई दी।

वित्तीय साक्षरता विषय पर 2 दिवसीय कार्यशाला शुरू

इटारसी देशबन्धु। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय वित्तीय साक्षरता विषय पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

भोपाल से आमंत्रित राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान मुंबई के रजिस्टर्ड ट्रेनर विवेक वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में रहे। कार्यशाला के प्रथम दिवस पर श्री वर्मा ने प्रतिभूति बाजार में निवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रतिभूति बाजार की महत्ता पर प्रकाश डाला। संयोजक वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सुरेश गुप्ता रहे। संचालन बाल गोविंद शुक्ल ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ सहित वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अरविंद शर्मा, डॉ ओपी शर्मा, डॉ. जेपी चौरे, डॉ.संतोष कुमार अहिरवार, डॉ.आशुतोष मालवीय, डॉ. मनीष कुमार चौरे और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मूंग खरीदी के दो माह बाद भी नहीं मिला किसानों को भुगतान

इटारसी देशबन्धु। तरोंदा सोसायटी द्वारा बोरतलाई में रतनलाल वेयरहाउस में खरीदी गई मूंग का अब तक भुगतान नहीं होने से नाराज किसानों ने आज एसडीएम के नाम एक ज्ञापन देकर किसानों को शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है।

क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों ने ज्ञापन देकर बताया कि 11 जुलाई को मूंग की खरीदी की गई थी आज दो माह का वक्त गुजरने के बावजूद किसानों को भुगतान नहीं मिला है। किसानों ने शीघ्र भुगतान कराने की मांग के साथ ही भुगतान में हुई देरी के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

सीपीई कार्यसमिति चुनाव में कर्मचारी संघ की पूर्ण बहुमत के साथ जीत

इटारसी देशबन्धु। नगर के रक्षा संस्थान सीपीई में कार्य समिति चुनाव एडमिन एरिया में डीएससी कंपनी और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। चुनाव में इस बार भी पुन: कर्मचारी संघ ने पूर्ण बहुमत हासिल कर विजय पताका फहराई है। कर्मचारी संघ की ओर से सुरेन्द्र मेहरा, देवेन्द्र सेन, राकेश चौरे, मुरलीधर मेहरा और कामगार यूनियन के सुभाष राजपूत, यशवंत गौर ने जीत दर्ज की। मतगणना स्थल पर पीठासीन अधिकारी ले. कर्नल ए एस गायकवाड़, ले. कर्नल मोहित शर्मा, ले. कर्नल संजय जुआल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पॉल पी जॉर्ज एवं सभी अधिकारियों की मौजूदगी में मतगणना प्रारंभ हुई। प्रथम राउंड से ही कर्मचारी संघ की बढ़त रही जिसमें कर्मचारी संघ के सुरेंद्र मेहरा ने सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज की।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

सोहागपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ विकासखंड इकाई सोहागपुर सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में एक कार्यक्रम आस्था गार्डन शोभापुर में आयोजित हुआ। जिसमें 14 वें वर्ष में वर्ष 2022- 23 में सेवानिवृत होने वाले 17 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर रामभरोस रघुवंशी द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम शत्रुंजय प्रताप सिंह बिसेन , विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त रिटायर्ड प्रधान पाठक आर.एन.ए स्कूल पिपरिया मनोहर लाल पटेल, रिटायर्ड उच्च श्रेणी शिक्षक गणेश चौहान , संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम विनोद मालवीय और मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रकोष्ठ सदस्य के.के. मालवीय, प्रधान पाठक सोहागपुर हाकम सिंह मेहरा की अध्यक्षता में सेवा निर्मित होने वाले सभी शिक्षकों को शाल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। निजी स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को भगवान का स्वरूप मानते हुए शिक्षण कार्य करें और मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मालवीय द्वारा जीवन पर्यंत किसी भी संगठन के कार्यक्रम के लिए आस्था गार्डन को नि:शुल्क उपयोग में देने के लिए संकल्प की विशेष तारीफ की। मनोहरलाल पटेल ने बताया कि शिक्षक के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद भी वे चाहे तो समाज की सेवा को चुन सकते हैं। विकासखंड सोहागपुर से बीआरसी राकेश कुमार रघुवंशी ने मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की शिक्षक सम्मान की इस परंपरा की बहुत तारीफ की। संभागीय अध्यक्ष विनोद मालवीया ने कहा कि नर्मदापुरम संभाग के बैतूल हरदा एवं नर्मदापुरम में विकासखंड सोहागपुर की सदस्यता एवं वर्ष भर होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष हाकम सिंह मेहरा ने एक प्रेरणादाई गीत सुनाया। मंच संचालन ब्लॉक अध्यक्ष उमेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया और अंत में तहसील अध्यक्ष महेश कुमार रघुवंशी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जिला इकाई नर्मदापुरम से संगठन मंत्री नवीन पटेल, जिला अध्यक्ष संजय गौर, जिला सचिव कोमल सिंह कुर्मी, अंबरीश कुमार दुबे, विकासखंड पिपरिया से राम कृपाल दुबे, सुजान सिंह रघुवंशी, पुरुषोत्तम दुबे राजेश कुमार संकुले, राजेंद्र कुमार पटेल एवं विकासखंड माखननगर से संतोष कुमार साहू शैलेंद्र कुमार पाराशर श्याम सुंदर शर्मा, विकासखंड बनखेड़ी से कैलाश कुमार रघुवंशी संयोजक राम गोपाल पटेल, सहसंयोजक एवं बसेड़ीया उपस्थित हुए।

मंडी प्रबंधन और व्यापारियों के मध्य हुई बैठक बेनतीजा खत्म

इटारसी देशबन्धु। सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ समिति के आह्वान पर इन दिनों मंडियों में हड़ताल चल रही है। व्यापारी अनाज की कोई खरीदी नहीं कर रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे व्यापारियों के निर्णय से कुछ छोटे व्यापारियों को परेशानी हो रही है, अत: आज मंडी प्रबंधन ने इटारसी में व्यापारियों को बुलाकर हड़ताल खत्म करने को कहा, लेकिन प्रदेश स्तरीय समिति के निर्णय से बंधे व्यापारियों ने स्पष्ट मना कर दिया कि जब तक उच्च स्तर से कोई नतीजा नहीं आता, हड़ताल जारी रहेगी। बैठक में अक्कू ओसवाल, अनिल राठी, सांसद प्रतिनिधि शैलेष ओसवाल, कमल मित्तल, अशोक शर्मा, गोपाल अग्रवाल, अजय खन्ना, अजय भगवानदास मालवीय सहित अन्य व्यापारी शामिल हुए। सांसद प्रतिनिधि शैलेष ओसवाल ने बताया कि बैठक बेनतीजा रही। कल व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलने जाएगा, वहां से कोई निर्णय होने के उपरांत ही यदि मांगें मानी गयीं तो हड़ताल खत्म हो सकती है। फिलहाल तो हड़ताल जारी है।

विहिप ने निकाली शौर्य जागरण यात्रा

इटारसी देशबन्धु। विश्व हिंदू परिषद के द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में शौर्य जागरण यात्राओं एवं धर्म सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। एक यात्रा मुलताई बैतूल, हरदा होते हुए सिवनी मालवा से जमानी के रास्ते इटारसी पहुंची। इटारसी में यात्रा का जय जय श्री राम के नारों के साथ जोरदार स्वागत हुआ। श्री द्वारकाधीश मंदिर में धर्म सभा का आयोजन किया जिसको प्रदेश अध्यक्ष केएल शर्मा एवं प्रदेश मंत्री राजेश जैन ने संबोधित किया।

अध्यक्ष के एल शर्मा ने कहा कि हिंदुओं को निरंतर जागृत करने के लिए और हिंदुओं की स्वयं की सुरक्षा के लिए विश्व हिंदू परिषद निरंतर कार्य करता है और इस श्रृंखला में यह यात्रा निकाली गई है। विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सह मंत्री गोपाल सोनी, संगठन मंत्री शिव राठौर, जिला अध्यक्ष सुभाष दुबे, उपाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, नगर अध्यक्ष राजू बत्रा, कार्यकारी अध्यक्ष महेश वलेचानी, प्रभात तिवारी, राजकुमार मालवीय, संदीप यदुवंशी नगर संयोजक एवं यात्रा प्रभारी मौजूद थे। संचालन नगर मंत्री चेतन राजपूत ने किया।

गौवंश को देखने पहुंचे नपाध्यक्ष

- गौशाला में गाय कैसे रह रही हैं, उन्हें भोजन समय पर मिल रहा है या नहीं
- उपचार हो रहा है या नहीं जाने हालात

इटारसी देशबन्धु। नगरपालिका परिषद अध्यक्ष पंकज चौरे सड़कों पर यातायात बाधित कर बैठने वाले गौवंश को सड़कों से हटाने का काम तो कर ही रहे हैं, साथ ही उनके लालन पालन की जिम्मेवारी भी उन्होंने उठाकर रखी है। वे इसका चिंता लगातार कर रहे हैं। सड़कों से लेकर जाकर न्यास कॉलोनी स्थित गौशाला पहुंचाए गए गौवंश ठीक से रह रहे हैं या नहीं। शाम को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे गौशाला पहुंचे और यहां गौवंश की देख रेख कर रहे विक्रम यादव व उनकी टीम से काफी समय चर्चा की और गौवंश को देखा उन्होंने भूसा खिलाया। नगरपालिका अध्यक्ष ने यहां देखा कि गायें खुले में कहां पर चर रही हैं, शेड में कैसे भूसा खाती हैं, पानी की क्या व्यवस्था है। उन्होंने जाना कि बीमार होने पर गायों को उपचार मिल रहा है या नहीं। विक्रय यादव ने बताया कि मौजूदा व्यवस्थाएं तो ठीक हैं लेकिन जैसे जैसे सड़कों से गायों को यहां लाया जाएगा वैसे-वैसे जगह कम पड़ जाएगी और शेड बढाने पड़ेंगे।

विक्रम यादव ने बताया कि यहां पर बाहर कीचड़ अधिक होने से समस्या आ रही है, मुरम डल जाएगी तो अच्छा रहेगा। नगरपालिका अध्यक्ष ने यहां कंडे से धुंआ होता हुआ देख पूछा कि धुआं क्यों किया तो विक्रम ने बताया कि इससे मच्छर व अन्य कीट गायों को परेशान नहीं करते और गर्माहट बनी रही है, गायें इसके आसपास आकर बैठ जाती हैं।

150 से अधिक गौवंश है अभी:- गौशाला में अभी 150 से अधिक गौवंश मौजूद है। यहां इन्हें अभी श्री द्वारिकाधीश मंदिर समिति के खाली पड़े मैदान पर चरने के लिए भेजा जाता है।

इनका कहना है:- सड़कों से लाए गए गौवंश को देखने के लिए गौशाला गए थे। यहां व्यवस्थाएं देखी हैं, कुछ व्यवस्थाएं बढ़ानी होंगी। यह कैसे कर पाएंगे यह तय कर रहे हैं। यहां लाए गौवंश को ले जाने के लिए कई लोग प्रेशर बना रहे हैं, लेकिन वह उन्हें घर पर रखने को भी तैयार नहीं हैं, इसलिए उन्हें नहीं दिया जा रहा है। हमारा सभी गौ पालकों से निवेदन है वे यदि गौशाला पहुंचकर गाय लें तो उनकी जिम्मेदारी भी लेनी होगी कि सड़क पर दौबारा नहीं छोड़ेंगे और जो भी जुर्माना तय है, वह भरना होगा।

पंकज चौरे, अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद इटारसी

जीनियस प्लानेट स्कूल में लगी मॉडल-चार्ट की प्रदर्शनी

इटारसी देशबन्धु। जीनियस प्लानेट सीनियर सैकंड्री स्कूल में आज पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग के साथ बच्चों द्वारा बनाये विभिन्न विषयों पर मॉडल और चार्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में मॉडल और चार्ट के अलावा 15 अगस्त और राखी की एक्टिविटी के दौरान जो कला कृतियां विद्यार्थियों ने बनाई थी जैसे राखी, ग्रीटिंग कार्ड, नारियल और सजी हुई पूजा की थाली आदि प्रदर्शित किये गए।

प्रदर्शनी का शुभारंभ समाज सेवी पूर्व अध्यक्ष इनरव्हील क्लब श्रीमती सविता साहू, वर्तमान इनरव्हील अध्यक्ष श्रीमती सुनीता चौरे एवं सचिव मनीषा साहू ने किया। आमंत्रित अथितियों ने विद्यार्थियों के बनाए प्रोजेक्ट्स डेम का मॉडल, सोलर सिस्टम, एक्टिव वोल्केनो, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पंचायती राज मॉडल, लुनार और सोलर अक्लिप्स मॉडल आदि को सराहा। श्रीमती सविता साहू ने कहा कि विद्यार्थियों और टीचर्स की मेहनत इन प्रोजेक्ट्स में दिखती है। विद्यार्थियों ने टीचर्स के मार्गदर्शन में बहुत ही सराहनीय कार्य किये है। श्रीमती सुनीता चौरे ने विद्यार्थियों को उनके कार्यों पर बहुत सारी प्रशंसा देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। तीनों आमंत्रित अतिथियों का स्कूल डायरेक्टर जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी ने स्वागत किया। आभार प्राचार्य विशाल शुक्ला ने किया।

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर राज्य वन शहीद स्मारक का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

वन्यप्राणी सुरक्षा में जान गंवाने वालों को मिलेंगे 25 लाख

भोपाल, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वन और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में जान गंवाने वाले वन विभाग के कर्मचारियों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने का ऐलान किया है। भोपाल में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर राज्य वन शहीद स्मारक का लोकार्पण करते हुए।

मुख्यमंत्री चौहान ने वनकर्मियों को कई सौगातें दी और कहा, वन विभाग के अमले को 5,000 रुपए वर्दी और 1,000 रुपए का पौष्टिक आहार भत्ता भी दिया जाएगा। वन विभाग के महावत, कटर जैसे अल्प वेतन भोगी और अनियमित कर्मचारियों की मुख्यमंत्री निवास में बैठक बुलाकर उनकी समस्याओं के निराकरण और कल्याण एवं बेहतरी के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में प्रति वर्ष राष्ट्र वन शहीद दिवस उद्देश्यपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने नवनिर्मित वन भवन में आयोजित वन महोत्सव में 44 शहीद वन कर्मियों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी तथा शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

5 हजार वर्दी और 1 हजार रुपए पौष्टिक आहार भत्ता मिलेगा

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन सम्पदा का बखूबी संरक्षण किया है। चौहान ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज के खतरे यह सिद्ध करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के लिए दुनिया को भारत के बताए रास्ते पर ही चलना होगा। मत्स्य-पुराण में कहा गया है कि दस कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब होता है, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। भारतीय संस्कृति में वृक्ष को ईश्वर, पिता और दस पुत्रों के बराबर माना गया है। हम तुलसी, पीपल, आंवला को काटना अशुभ मानते हैं। यदि पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो मानव जीवन भी नहीं रहेगा। देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र मध्य प्रदेश में है, जो राज्य के क्षेत्रफल का 30 प्रतिशत और देश के कुल वन क्षेत्र का 12.30 प्रतिशत है। वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में भी हम आगे हैं। मध्य प्रदेश देश का टाइगर स्टेट तो है ही यहां तेंदुआ, घड़ियाल, गिद्धों की संख्या भी पर्याप्त है।

साथ ही चीतों का भी पुनर्स्थापन हुआ है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर वनों की सुरक्षा की, राष्ट्र उनका ऋणी है। वन कर्मी अपने परिवार से दूर रहकर कठिन परिस्थितियों में खतरों के बीच अपने कर्तव्य निभाते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने प्रदेश में वन और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा के लिए अधिक कठोर कानून बनाने की आवश्यकता बताई तथा सम्पूर्ण वन भवन, वन विभाग को उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री चौहान का आभार माना।

कार्यक्रम में वन राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी, अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता और वन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कमलनाथ ने साधा निशाना

भाजपा की सामूहिक विदाई का आया समय

भोपाल, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। जिस प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने साक्षात्कारों में उनकी अपनी ही पार्टी द्वारा अपनी अवहेलना, उपेक्षा और अपमान की सरेआम बात कर रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस के प्रति जन-समर्थन देखकर भाजपा पहले ही हताश हो चुकी है और दिखावटी चुनाव लड़ रही है, इसीलिए न उसके पास रणनीति है न सेनापति। इसीलिए न वो वरिष्ठों को महत्व दे रही है न कनिष्ठों को। कमलनाथ ने कहा कि भाजपा दिल्ली से ही मप्र का चुनाव संचालित करके दिखा रही है कि उसे न तो मप्र के नेतृत्व पर विश्वास है, न नेताओं और संगठन पर। उन्होंने कहा कि दूर से राजतंत्र चलाए जाते हैं लोकतंत्र नहीं क्योंकि लोकतंत्र की दिशा नीचे से ऊपर की ओर होती है; न कि ऊपर से नीचे, लेकिन ये बात अलोकतांत्रिक भाजपा की समझ में नहीं आएगी।

नेता प्रतिपक्ष ने लगाया आरोप

भाजपा के इशारे पर हो रही थाना प्रभारियों की पदस्थापना

विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने बड़ा आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है। इसमें भिंड एसपी मनीष खत्री पर भाजपा के इशारे पर थाना प्रभारियों की पदस्थापना करने का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे पत्र में भाजपा पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

उन्होंने लिखा कि भिंड जिले में ब्राह्मण, राजपूत समेत अधिकाशं जाति के मतदाता अपनी जातियों के प्रत्याशियों को मतदान करते है। उन्होंने लिखा कि लहार विधानसभा क्षेत्र में मेरे अनुरोध करने के बाजवूद पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने अधिकाशं थानों में ब्राह्मण थाना प्रभारियों की तैनाती कर दी। इनमें से अधिकतर थाना प्रभारियों के रिश्तेदार भाजपा के नेता है। उन्होंने कहा कि लहार, मेहगांव और अटेर में मंत्रियों के हिसाब से थानेदारों की तैनाती की गई। लहार में ज्यादातर थानेदार ब्राह्मण समाज के है। गोविंद सिंह ने लिखा कि जिस तरीके से जिम्मेदारी दी गई। थानेदारों को उससे निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है।

जन आशीर्वाद यात्रा में केन्द्रीय मंत्री खटीक ने कहा-

आपके वोट की ताकत से सरकार कर रही चहुंमुखी विकास

भोपाल, देशबन्धु। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान दतिया में जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र खटीक ने कहा कि आप सभी का आशीर्वाद लेने हम आए हैं। पिछले वर्षों में जो भी काम भाजपा द्वारा किए गए हैं, उनके बारे में आप सभी भलीभांति जानते हैं। 2023-24 में भाजपा जब फिर से सत्ता में आएगी तो शेष रह गए कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना की प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। ग्वालियर-चंबल संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान वह दतिया-इंदरगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले सोमवार सुबह भांडेर से मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद श्रीमती संध्या राय के मार्गदर्शन में यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा के प्रारंभ स्थल पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया।

डॉ. खटीक ने कहा कि आपके वोट की ही ताकत है, जो आज हम देश की गरीब बहनों को उज्जवला का कनेक्शन दे पाए हैं, घर-घर शौचालय बनवा पाए हैं। करोड़ों लोगों के लिए पीएम आवास, गरीब भाई बहनों को नि:शुल्क इलाज के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना, बेटियों-बहनों को सशक्त बनाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी लाडली बहना जैसी बीसियों योजनाएं चला पा रहे हैं, जिनकी बदौलत देश और प्रदेश में चहुंमुखी हो रहा है। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत, सुरेंद्र बुधौलिया, विधायक श्रीमती रक्षा सिरोनिया, पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, प्रशांत ढेगुला, प्रदेश प्रवक्ता बृजगोपाल लोया, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य बृजराज सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा प्रदेश : झा

पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रभात झा ने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, उस क्षेत्र में भाजपा के शासनकाल में विकास की नई इबारत लिखी गई है। डॉ. मिश्रा ने दतिया में विकास की जो गंगा बहाई है, उसे लोग हमेशा याद रखेंगे। विकास की यह गंगा यूं ही बहती रहे इसके लिए आप सबका समर्थन भाजपा के लिए जरूरी है।

कांग्रेस के बहकावे में भूलकर भी नहीं आना : डॉ. मिश्रा

मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के हर वर्ग के लिए कोई न कोई योजना शुरू की गई है। बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। हर महीने बहनों के खातों में पैसे डाले जा रहे हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि हमेशा याद रखना आपका निशान कमल निशान, आपकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। उन्होंने कहा कि भूलकर भी कांग्रेस के बहकावे में नहीं आना।

प्रदेश में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाना है : डॉ. सावंत

खरगौन, देशबन्धु। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत बनाने और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में नए मध्यप्रदेश को बनाने के लिए हम सभी तैयार है। आप भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाकर मध्यप्रदेश में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाएं। डॉ. सावंत यहां खण्डवा से प्रारंभ हुई जन आशीर्वाद यात्रा के पांचवे दिन खरगौन के भगवानपुरा विधानसभा के सैगांव से शामिल हुए थे। ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. प्रमोद सावंत का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत गोवा के मुख्यमंत्री ने रथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से मध्यप्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। सभा को क्षेत्रीय सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। रथ यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत सहित जनप्रतिनिधियों सहित पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री प्रेम सिंह पटेल, यात्रा सह प्रभारी जयपाल सिंह चावडा, जिलाध्यक्ष ओम सोनी, पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य, लोकेश शर्मा, श्रीमती आंजना पटेल, पूर्व सांसद सुभाष पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की तैयारी बैठक में शामिल हुए विस अध्यक्ष

भोपाल, देशबन्धु। 66 वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन के एनेक्सी कमेटी कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के साथ ही देश की अन्य विधानसभाओं के अध्यक्ष, सभापतियों, प्रमुख सचिव और सचिवों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह सहित अन्य विधानसभाओं के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अधिकारी और सम्मेलन से जुड़े अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रमंडल के होने वाले सम्मेलन में भारत का पक्ष मजबूती से रखने के संबंध में इस बैठक में विचार-विमर्श किया गया।

भ्रष्टाचारी को मिली पदोन्नति, खुलासा करने वाले को सजा

जम्मू-कश्मीर में 13 हजार करोड़ का घोटाला

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जल जीवन मिशन में 13,000 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है और जिस अधिकारी ने इस घोटाले का खुलासा किया उसे जूनियर स्तर के पद पर तैनाती कर दी गई और घोटालेबाजों को पदान्नति मिली है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाले का खुलासा करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अशोक परमार को दंडित कर जल शक्ति विभाग को प्रमुख सचिव से पदावनत कर एआरआई एवं प्रशिक्षण विभाग में भेजा गया है जबकि 30 वर्ष की सेवा के बाद उनका पद वित्तीय आयुक्त का होना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हुए इस घोटाले को जी-20 सम्मेलन की आड़ में छिपाया जा रहा है। कमाल यह है कि जब अशोक परमार नाम का यह आईएएस अधिकारी गबन को सामने लाते हैं तो उनका एक साल में चार-पांच बार स्थानांतरण कर उपराज्यपाल उनको प्रताड़ित करते हैं लेकिन जो अधिकारी गबन करते हैं उनको प्रमोशन मिलता है। अनियमितताएं सबके सामने नहीं आए इसके लिए योजनाओं को बांट दिया जाता है और टेंडर से काम देने की परंपरा को अनदेखा किया जाता है।

2 राजनेतओं पर जाती है शक की सुई

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'जल जीवन मिशन' में इस घोटाले में शक की सुई दो राजनेतओं पर जाती है। इन नेताओं में पहला नाम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का है और दूसरा नाम केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का है। श्री शेखावत पर शक की सुई इसलिए घूमती है कि उन्होंने घोटाले का खुलासा करने वाले को सजा दी है और भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त नामजद अधिकारियों को बचाया है।

अनियमितताओं की जांच के आदेश नहीं दिए

उन्होंने सवाल किया कि प्रकरण के आरोपी को पकड़ने के लिए घोटाले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की गई है। इस बारे में गृह मंत्रालयों में शिकायत कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई लेकिन अनियमितताओं की जांच के आदेश नहीं दिए गए। उनका कहना था कि जिस अधिकारी को दंडित किया गया है वह दलित है और उसने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत की है लेकिन अब तक उपराज्यपाल को तलब तक नहीं किया गया है।

सरकार में घोटालों की बाढ़ आ गई है

मंहगाई और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पार्टी केंद्र की मोदी सरकार पर लगातार हमलावर है। जम्मू-कश्मीर में हाल ही उजागर किए गए 13 हजार करोड़ रुपए के कथित जल-जीवन घोटाले सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर पार्टी ने सरकार को घेरा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके कहाकि अब जब जी-20 की बैठक खत्म हो गई है तो मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर अपना ध्यान लगाना चाहिए। मंहगाई के मोर्चे पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने दावा किया कि बीते अगस्त माह में भोजन की थाली का दाम 24 फीसदी तक बढ़ गया। बेरोजगारी दर बढ़कर 8 फीसदी पर पहुंच गई है। युवाओं का भविष्य अंधकार में है। वहीं भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए खड़गे ने कहाकि मोदी सरकार में घोटालों की बाढ़ आ गई है।

वरिष्ठ वकील प्रशान्त भूषण का दावा

5 राज्यों के चुनाव को टालना चाहती है सरकार

नई दिल्ली, देशबन्धु। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने एक देश चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला किया है। उनका दावा है कि सरकार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को टालने के लिए ही एक देश एक चुनाव का जोर-शोर से प्रचार कर रही है।

उल्लेखनीय है कि 2024 के प्रस्तावित लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इस साल के आखिर में पांच राज्यों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन हार की आशंका के मद्देनजर केंद्र सरकार एक देश चुनाव की बात करते हुए इन चुनावों को लोकसभा चुनाव तक टाल देना चाहती है। उन्होंने कहाकि सरकार इसका खूब प्रचार कर रही है। लेकिन एक देश चुनाव को भारत जैसे संसदीय लोकतंत्र में लागू नहीं किया जा सकता है। क्योंकि मौजूदा संसदीय प्रणाली में बहुमत खोते ही सरकारें गिर जाती हैं और मध्यवाधि चुनाव के बाद नई सरकार बनती है। उन्होंने दावा किया कि एक देश एक चुनाव को लागू किया जाएगा तो ऐसी स्थिति बहुमत खोने पर शेष बचे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाएगा,जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है।

उन्होंने कहाकि इसका मतलब है कि सरकार लोकतांत्रिक प्रणाली को राष्ट्रपति प्रणाली में बदलना चाहती है,जो संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ होगा। भूषण ने कहाकि राष्ट्रपति प्रणाली के लिए संविधान में संशोधन करने होंगे। लेकिन सरकार के पास राज्यसभा में बहुमत नहीं है। फिर भी एक देश चुनाव की दिशा में आगे बढ़ रही है,ताकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव तक टाला जा सके।

दिल्ली सरकार ने पटाखों पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

नई दिल्ली, देशबन्धु। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राजधानी में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है। श्री राय ने सोमवार को कहा कि इस सम्बन्ध में डीपीसीसी को सभी सम्बन्धित विभागों को जरूरी निर्देश जारी करने का निर्देश दिया गया है । जस प्रकार दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंद्ध लगाने का निर्देश दिया गया है, उसी प्रकार एनसीआर के राज्यों में प्रतिबंद्ध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि एनसीआर में छोड़े गए पटाखों का दुष्प्रभाव दिल्ली की हवा पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। जनवरी से लेकर अगस्त के महीने तक दिल्ली का औसत एक्यूआई काफी कम रहा है। दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 45 रिकॉर्ड किया गया।

मेकेदातु परियोजना को केंद्र ने नहीं दी अनुमति

मैसूर, एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी नदी पर मेकेदातु जलाशय के निर्माण को मंजूरी देने में देरी का आरोप लगाते हुए सोमवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा और पड़ोसी राज्य तमिलनाडु पर इस मुद्दे पर अनावश्यक उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया।

कर्नाटक मेकेदातु परियोजना को लागू करने के लिए दबाव बना रहा है और उसका कहना है कि बारिश के संकट के समय दोनों राज्यों के बीच कावेरी जल विवाद का यही एकमात्र समाधान है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मेकेदातु परियोजना के लिए अनुमति नहीं दी है। तमिलनाडु के पास परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है। यह हमारे क्षेत्र में है, तमिलनाडु को 177.25 टीएमसी जल आबंटित किया गया है और हमें सामान्य वर्षों में उन्हें इतना ही पानी छोड़ना पड़ता है। संकट के समय, मुश्किल वक्त के फार्मूले का पालन किया जाना चाहिए। सिद्धारमैया ने तमिलनाडु पर मेकेदातु परियोजना के संबंध में अनावश्यक रूप से उपद्रव पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक द्वारा डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) प्रस्तुत करने के बावजूद अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें (केंद्र को) कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (अनुमति देने के लिए) से कहना होगा, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि वे इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे लेकिन वे यहां आते हैं और राजनीति करते हैं। मुख्यमंत्री तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने को लेकर भाजपा द्वारा उनकी सरकार की आलोचना किए जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। राज्य में नदी बेसिन क्षेत्र कम बारिश के कारण पानी की कमी के खतरे का सामना कर रहा है। सिद्धारमैया ने कहा कि कर्नाटक खुशी से नहीं, बल्कि सीडब्ल्यूएमए के आदेश के कारण तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के किसानों के हितों और मैसूर, बेंगलुरु और कई अन्य जिलों की पेयजल जरूरतों की रक्षा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है।

राजौरी-पुंछ में सेना के लिए दोहरा मोर्चा

घुसपैठ से निपटने को झौंके जा रहे हैं हजारों अतिरिक्त जवान

• सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, देशबन्धु। जैसे जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनों जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कईयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है।

जानकारी के लिए, सर्दियों की शुरुआत के साथ ही आतंकी अक्सर ऐसे शरणस्थलों पर कब्जा जमा लेते रहे हैं जिस कारण सेना व अन्य सुरक्षाबलों को कई बार इन दोनों जिलों में भयानक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। कई बार ऐसे ढोकों को खाली करवाने की खातिर भीषण मुठभेड़ें भी हो चुकी हैं।

ड्रोनों की भी ली जा रही सहायता

इस बार की अतिरिक्त जवानों की तैनाती थोड़ी अलग तरह की भी है। इनमें अब ड्रोनों को भी शामिल कर लिया गया है। एक सेनाधिकारी का कहना था कि ड्रोनों की मदद से अब जवान दुर्गम क्षेत्रों में पैनी निगाह रखने में कामयाब होंगें और आतंकियों के साथ साथ पाक सेना के नापाक मंसूबों से निपट सकेंगें। सेनाधिकारियों के बकौल, विलेज डिफेंस ग्रुप और स्थानीय पुलिस की भी मदद इस बार की आशंकित परिस्थितियों से निपटने के लिए ली जा रही है जिसके लिए सेनाधिकारी पुलिस अधिकारियों के साथ साथ वीडीजी के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कर संभावित खतरे से निपटने की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से खुलासा

महाराष्ट्र, तमिलनाडु व मप्र में आत्महत्या की दर सबसे अधिक

कोलकाता, एजेंसी। देश में आत्महत्या के 50 प्रतिशत से अधिक मामले पांच प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किए जाते हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2021 में देश में आत्महत्याएं के मामलों की कुल संख्या 1,64,033 थी।

एनसीआरबी रिपोर्ट ने अगस्त 2022 में इस चौंकाने वाले डेटा का खुलासा किया। सोलास नामक एक गैर-लाभकारी गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने यहां एक मीडिया सम्मेलन के दौरान भारत सरकार के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि आंकड़े चिंताजनक हैं, 2021 में देश में दर्ज की गई आत्महत्याओं में 7.2 प्रतिशत की चिंताजनक वृद्धि हुई है और कुल संख्या 1,64,033 मामलों तक पहुंच गई है। इन दुखद घटनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा मुख्य रूप से पांच राज्यों, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में दर्ज किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, कुल मिलाकर, सभी आत्महत्याओं के 50.4 प्रतिशत मामले देश के इन पांच राज्यों में दर्ज किए गए। नई दिल्ली स्थित एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या कई कारकों से हो सकती है, जैसे किसी के पेशे या करियर से संबंधित मुद्दे, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक संघर्ष, मानसिक स्वास्थ्य विकार, शराब की लत, वित्तीय असफलताएं, क्रोनिक दर्द, और भी बहुत कुछ। सोलास संकटग्रस्त लोगों को परामर्श देकर आत्महत्या से निपटने का प्रयास कर रहा है। इसने कहा कि एनसीआरबी केवल पुलिस को रिपोर्ट किए गए मामलों से आत्महत्याओं के बारे में जानकारी इकट्ठा करता है। आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए काम कर रहे गैर सरकारी संगठनों और विशेषज्ञों का मानना है कि आत्महत्या के विचार वाले व्यक्ति अपने जीवन को समाप्त करने की इच्छा के बजाय अपने दर्द से राहत चाहते हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।